E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
14 नवम्बर, 2026
शनिवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 120 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) / सोच नई, राजस्थान के लिए / मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

15 सूखाग्रस्त जिलों के लिए 9321 करोड़ का विशेष पैकेज: बारिश की कमी से बने अकाल के हालात

सीएम ने दिए पानी की व्यवस्था के निर्देश

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान सरकार ने प्रदेश के 15 जिलों की 87 सूखाग्रस्त तहसीलों के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की है। सरकार ने इन जिलों के लिए 9 हजार 321 करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को आपदा प्रबंधन, सहायता और नागरिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीएम भजनलाल ने कहा- राज्य सरकार ने 9 हजार 321 करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की व्यवस्था की है। सीएम ने आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करने के दिशा-निर्देश दिए। वहीं प्रभावित जिलों में जिला प्रशासन से निरंतर संपर्क बनाए रखने और आमजन, किसानों, पशुपालकों के लिए पेयजल, सिंचाई और चारे की उपलब्धता के निर्देश दिए।

राजस्थान में मानसून सत्र में औसत बारिश लगभग 20 प्रतिशत कम होने से 15 जिलों की 87 तहसीलों को सूखाग्रस्त घोषित किया है। इन तहसीलों में से 73 तहसील गंभीर सूखाग्रस्त श्रेणी और 14 तहसील मध्यम सूखाग्रस्त श्रेणी में शामिल हैं। राज्य सरकार ने औसत से भी कम बारिश होने पर चूरू, जैसलमेर, जालोर, जोधपुर, डूंगरपुर, नागौर, पाली, फलोदी, ब्यावर, बाड़मेर, बालोतरा, बांसवाड़ा, बीकानेर, राजसमंद और सिरोही जिले की 87 तहसीलों को सूखाग्रस्त घोषित किया है।



सरकारी योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा रोजगार

विशेष पैकेज के तहत इन जिलों में ग्रामीण विकास विभाग वीबी-जीराम-जी, राजीविका और आवासीय योजनाओं के माध्यम से रोजगार और आजीविका संबंधी कार्यों का संचालन किया जाएगा। प्रभावित जिलों में खरीफ फसल खराबे की गिरदावरी के आधार पर आकलन रिपोर्ट तैयार करके किसानों को राहत पहुंचाने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही पीएचईडी (जलदाय) विभाग इन जिलों के लिए कंटीजेन्सी प्लान के आधार पर पीने के पानी की व्यवस्था करेगा। वहीं ऊर्जा विभाग को निर्देश दिए कि ट्यूबवेल के लिए बिजली कनेक्शन प्राथमिकता से जारी करेगा।

पशुओं के लिए चारे-पानी की व्यवस्था

सरकार विशेष पैकेज के तहत इन जिलों में गोशालाओं के माध्यम से पशुओं के लिए पेयजल और चारे की व्यवस्था करेगी। बैठक में सीएम ने इन जिलों में आवश्यकतानुसार चारा डिपो संचालित करने के निर्देश दिए।

बीफ न्यूज

टिप की वसूली: ओला पर 10 लाख जुर्माना

नई दिल्ली। कैब बुकिंग ऐप ओला पर यात्रियों से अतिरिक्त पैसे मांगने के मामले में 10 लाख



रुपए का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ओला का संचालन करने वाली कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज को यह जुर्माना लगाया है। साथ ही इसे बंद करने का आदेश दिया है।

देश के पहले एलईडी डोम तारामंडल का उद्घाटन

मैसूर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मैसूर में देश के पहले एलईडी डोम तारामंडल



'कॉसमॉस-मैसूर' का उद्घाटन किया। भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान द्वारा निर्मित यह तारामंडल मैसूर विवि परिसर में चामुंडी पहाड़ियों की तलहटी में स्थित है। इसमें 15 मीटर का झुका हुआ डोम और करीब 6,150 पैनल लगे हैं।

मौसमी चटर्जी के पति जयंत मुखर्जी का निधन

मुंबई। बॉलीवुड की अभिनेत्री मौसमी चटर्जी के पति और फिल्म निर्माता जयंत मुखर्जी का निधन



हो गया। वह लंबे समय से उम्र संबंधी परेशानियों के चलते अस्वस्थ थे। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज के अध्यक्ष बीएन तिवारी ने उनके निधन की पुष्टि की है। जयंत ने 'मजाक', 'दो लड़के दोनों कड़के' जैसी फिल्मों का निर्माण किया था।

» अंदर विशेष

▪ राजस्थान में शुरू होगी ग्लोबल 'प्राइवेट कम्युनिटी', AI-अनुभवी उद्यमियों के सहयोग से कारोबारी नेतृत्व को मिलेगी नई दिशा
...पढ़े पेज 2 पर

पीएम को खुली बहस की चुनौती के बाद राहुल का नया दांव, भाजपा का भी पलटवार

मेरा फोन टैप हो रहा, पीएम फोन की निगरानी करा रहे

फिर दी बहस की चुनौती, बोले- आमने-सामने चर्चा हुई तो प्रधानमंत्री पद पर नहीं रहेंगे मोदी

संसद में माइक बंद करने का भी लगाया आरोप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया है कि उनका फोन टैप किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके फोन की निगरानी करा रहे हैं और उनके सभी आरोपों के सबूत फोन में मौजूद हैं। राहुल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री को आमने-सामने सार्वजनिक बहस की चुनौती देते हुए कहा कि इस चर्चा के बाद मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। इंस्टाग्राम पर आयोजित सवाल-जवाब सत्र में राहुल गांधी से पूछा गया कि जब भाजपा संसद में बहस के लिए तैयार है तो वह सार्वजनिक बहस की मांग क्यों कर रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि संसद में उन्हें बोलने नहीं दिया जाता और कई बार उनका माइक बंद कर दिया जाता है।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बड़ा दावा

अखिलेश बोले- यह संभव

वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने फोन टैपिंग की आशंका से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि तकनीक के मौजूदा दौर में ऐसा संभव है। अखिलेश ने पूर्व सांसद अमर सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि वह कई साल पहले ही फोन टैपिंग की बात कह चुके थे।

बहस से साफ हो जाएगा कौन है देशविरोधी?: *राहुल ने कहा कि वह लंबी भाषणबाजी के बजाए सीधा सवाल-जवाब चाहते हैं। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि प्रधानमंत्री एक तरफ और वह दूसरी तरफ बैठें तथा दोनों के बीच खुली बहस हो। इसके लिए गौतम अडाणी या आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत को निर्णायक बनाने पर भी उन्हें आपत्ति नहीं है।*

राहुल आरोप लगाकर भागते हैं वे अपने दिमाग की जांच कराएं

किसी को राहुल का फोन टैप करने में दिलचस्पी नहीं, उनके दिमाग में चल रहे झूठ को समझने में हो सकती है रुचि



राहुल के आरोप पर भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर का पलटवार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के फोन टैपिंग के आरोप पर भाजपा ने पलटवार किया है। केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने राहुल के दावे को खारिज करते हुए उन्हें मानसिक परीक्षण कराने की सलाह दी।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि किसी को भी राहुल गांधी का फोन टैप करने में दिलचस्पी नहीं है। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि राहुल गांधी से पूरे सम्मान के साथ वह कहना चाहते हैं कि उन्हें अपना मानसिक परीक्षण कराना चाहिए। किसी को उनके फोन की निगरानी करने की जरूरत नहीं है। अगर किसी की दिलचस्पी है भी तो यह समझने में कि उनके दिमाग में दिन-प्रतिदिन झूठ ही क्यों चलता रहता है।

राहुल का स्तर नहीं कि वे पीएम से बहस कर सकें

राहुल की चुनौती पर भाजपा नेताओं ने पलटवार किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि संसद बहस के लिए पहले से उपलब्ध मंच है और राहुल को नेता प्रतिपक्ष के रूप में गंभीरता दिखानी चाहिए। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल पर घटिया राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आरोप लगाना और फिर पीछे हटना उनकी पुरानी आदत है। उन्होंने फोन टैपिंग के आरोप को भी राजनीति का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि राहुल का स्तर नहीं कि वे पीएम से बहस कर सकें।

भगवान कृष्ण पर बयान... छिड़ा संग्राम

बागेश्वर धाम जा रहे यादव महासभा के करीब 500 समर्थक हिरासत में

एजेंसी ⏭ छतरपुर

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के बयान के विरोध में यादव महासभा के प्रस्तावित प्रदर्शन से शुक्रवार को छतरपुर में तनाव की स्थिति बन गई। प्रदर्शन के लिए बागेश्वर धाम जा रहे यादव महासभा के सैकड़ों समर्थकों को पुलिस ने रास्ते में ही रोककर हिरासत में ले लिया। वहीं, धीरेंद्र शास्त्री के समर्थन में बागेश्वर धाम शिष्य मंडल और सनातन एकता समिति के लोग लाठी-डंडे लेकर छतरपुर पहुंच गए।



लाठी-डंडे लेकर पहुंचे शिष्य मंडल के लोगों को पुलिस ने रोका

बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

पीएम ने खुद खरीदा मेट्रो का 'टिकट' सीएम शिवकुमार के साथ किया सफर

3,470 करोड़ की लागत से तैयार हुआ पहला हिस्सा



एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बेंगलुरु पहुंचे। यहां उन्होंने 3,470 करोड़ रुपए की लागत से तैयार बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन के कलेना अग्रहारा से तावरेकेरे तक के हिस्से का उद्घाटन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ मेट्रो में सफर किया।

महिला यात्री की अंगुली कटी थी

शताब्दी एक्स. में बैंडेज के एवज में टीटीई ने मांग लिए 200 रुपए



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शताब्दी एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक महिला की अंगुली कटने पर उसे प्राथमिक उपचार के लिए बैंडेज तक नहीं मिल सका। यात्री की शिकायत के बाद रेलवे स्टाफ ने अगले स्टेशन पर डॉक्टर से जांच कराने की बात कही और इसके लिए 200 रुपए देने को कहा। अवधेश कौशल नाम के यात्री ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर अपना अनुभव बताया।

परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगे रिटायर्ड सैन्यकर्मी



नई दिल्ली। पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ियों पर लगाम लगाने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) बड़ा बदलाव करने जा रही है। अब जेईई, नीट, नेट और सीयूईटी जैसी बड़ी परीक्षाओं की निगरानी की जिम्मेदारी सेना और अर्धसैनिक बलों के सेवानिवृत्त जवानों को सौंपी जाएगी।

इस साल 24 प्रतिशत गिरा सोना, चांदी के भाव में भी कमी आई

जयपुर। अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने की आशंका के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत घटने के चलते शुक्रवार को जयपुर में सोना-चांदी के भाव साल के न्यूनतम स्तर तक उतर गए। 24 कैरेट सोना दो हजार रुपए घटकर 1.40 लाख रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 4,400 रुपए की गिरावट के साथ 1.83 लाख रुपए प्रति किलो बिकी। इस सप्ताह 24 कैरेट सोना 5,500 और 22 कैरेट सोना 5,800 रुपए प्रति दस ग्राम सस्ता हुआ है। साढ़े 10 माह में सोना 44 हजार रुपए यानी करीब 23.9% और चांदी 2.17 लाख रुपए यानी करीब 54.3% सस्ती हो चुकी है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख भागवत आज आएंगे जोधपुर

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत शनिवार को जोधपुर आएंगे। उनके दौरे के दौरान शहर में तीन अलग-अलग स्थानों से घोष संचलन निकाला जाएगा। बताया जा रहा है सरसंघचालक मोहन भागवत जालोरी गेट चौराहे पर मौजूद रहकर इस घोष संचलन को देखेंगे। शिकारपुरा स्थित श्रीराजाराम आश्रम में दो दिनों से मरूनिनाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, शिविर के दूसरे दिन पुराने म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट की प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसमें पुराने वाद्ययंत्र आकर्षण का केंद्र रहे।

इस दौरान राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने सरस्वती प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रांत संघचालक हरदयाल जी वर्मा, प्रांत प्रचारक विजयानंद जी सहित वर्ग में उपस्थित सभी प्रमुख संघ अधिकारी मौजूद रहे। मरूनिनाद कार्यक्रम को लेकर दो दिनों तक सरसंघचालक डॉ. मोहन भागत जोधपुर प्रवास पर रहेंगे। वे शनिवार को जोधपुर पहुंचेंगे। इस दौरान वे घोष संचलन के कार्यक्रम में भी आएंगे।

एसबीआई के लॉकर से गायब हुए गहने

डुप्लीकेट चाबी से खुलने का शक, हैंडल पर फिंगरप्रिंट नहीं



सीसीटीवी फुटेज जांच रही पुलिस

एजेंसी ⏭ भोपाल

भोपाल के एसबीआई बैंक लॉकर नंबर 502 से पूर्व रेरा चेयरमैन एपी श्रीवास्तव और उनकी बेटियों के सोने के जेवर गायब मिले। पुलिस और फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, डुप्लीकेट चाबी से लॉकर खोलने की आशंका जताई जा रही है। पर, हैंडल पर कोई फिंगर प्रिंट नहीं मिले हैं। घटना लिंक रोड नंबर-3 स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट मैनेजमेंट परिसर की बैंक शाखा की है। एपी श्रीवास्तव अपनी बेटी सुरभि के साथ लॉकर खोलने पहुंचे थे।

असम में भीषण सड़क हादसा

बेकाबू ट्रक ने ट्रैवलर को मारी टक्कर, 23 लोगों की मौत हुई

ट्रैवलर में 40 लोग बैठे थे मृतकों में बच्चे भी

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

असम के काजीरंगा के पास शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। हादसा गोलाघाट जिले के रोंगाजन इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर हाथीकुली टी एस्टेट के पास हुआ। यहां करीब 40 यात्रियों को लेकर जा रही ट्रैवलर को सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। ट्रैवलर ऊपरी असम के जोरहाट से गुवाहाटी जा रही थी। तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक से उसकी भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैवलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहत और बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर वाहन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला।



हादसे के बाद का दृश्य

घायलों को पहले कोहोरा मॉडल अस्पताल ले जाया गया। बाद में गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए जोरहाट मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने हादसे पर गहरा दुख जताया है।

आउटलुक और टीम्स बंद होने से दुनियाभर में कामकाज रुका, इंडिगो की ईमेल सेवा बाधित

74 देशों में 16 घंटे तक ठप रहीं माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं, इससे 40 लाख कारोबार प्रभावित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट की तकनीकी खराबी ने भारत समेत दुनिया के 74 देशों में करोड़ों यूजर्स और कारोबारियों को परेशान किया। कंपनी की माइक्रोसॉफ्ट 365, आउटलुक और टीम्स जैसी सेवाएं करीब 16 घंटे तक प्रभावित रहीं। भारतीय समयानुसार गुरुवार-शुक्रवार रात करीब 12:38 बजे शुरू हुई इस समस्या का असर अमेरिका, भारत और हांगकांग सहित कई देशों में देखने को मिला। आउटेज पर नजर रखने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर पर करीब एक लाख शिकायतें दर्ज की गईं। इस तकनीकी गड़बड़ी से दुनिया के करीब 40 लाख कारोबार प्रभावित होने का अनुमान है।

इस वैश्विक आउटेज से हर घंटे करीब एक लाख अमेरिकी डॉलर का नुकसान



फाइल फोटो

सर्वर पर बढ़ा दबाव, साइबर हमले की आशंका से इनकार

माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार कुछ सर्वर अचानक बंद होने से उनका लोड दूसरे सर्वरों पर चला गया। इससे सर्वर पर दबाव बढ़ा और कनेक्टिविटी संबंधी समस्याएं पैदा हुईं। इस बीच सोशल मीडिया पर साइबर हमले की आशंकाएं भी जताई गईं।

इंडिगो व एयर इंडिया की ईमेल सेवा प्रभावित

माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं ठप होने का असर विमानन क्षेत्र पर भी पड़ा। इंडिगो ने एडवाइजरी जारी कर बताया कि उसकी ईमेल सपोर्ट सेवा प्रभावित हुई है और कंपनी ग्राहकों के ईमेल प्राप्त नहीं कर पा रही है। एयर इंडिया ने कहा कि उसकी उड़ानों का संचालन और संचार सेवाएं प्रभावित नहीं हुई हैं। यात्रियों को निर्बाध सहायता देने के लिए कंपनी ने अस्थायी रूप से अपने ईमेल का रूट बदल दिया है। अकासा एयर ने भी यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की। हांगकांग के वित्तीय क्षेत्र में भी इस आउटेज का प्रभाव पड़ा। गोल्डमैन सैक्स और नोमुरा जैसे बड़े निवेश बैंकों के कर्मचारियों को आउटलुक पर ईमेल भेजने और प्राप्त करने में परेशानी हुई।

राजस्थान में शुरू होगी ग्लोबल 'प्राइवेट कम्युनिटी', AI-अनुभवी उद्यमियों के सहयोग से कारोबारी नेतृत्व को मिलेगी नई दिशा

व्योमिका नेक्सस प्राइवेट लिमिटेड की पहल पर 14 और 15 नवंबर को जयपुर मैरियट में आयोजन, विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्यमी एवं व्यावसायिक प्रतिनिधि होंगे शामिल

थिंक राजस्थान • जयपुर

कारोबार के विस्तार और बदलती बाजार परिस्थितियों के बीच उद्यमियों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेना लगातार चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। ऐसे समय में अनुभवी कारोबारी नेतृत्व, सामूहिक समझ और आधुनिक तकनीक की भूमिका भी बढ़ रही है। इसी उद्देश्य के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय 'प्राइवेट कम्युनिटी' (Private Community®) राजस्थान में अपनी शुरुआत करने जा रही है।

व्योमिका नेक्सस प्राइवेट लिमिटेड (Vyomika Nexus Private Limited) की पहल पर 14 और 15 नवंबर को जयपुर के मैरियट होटल में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश के प्रमुख उद्यमियों, उद्योगपतियों और विभिन्न क्षेत्रों के व्यावसायिक प्रतिनिधियों को प्राइवेट कम्युनिटी की अवधारणा, कार्यप्रणाली और इसके उद्देश्यों से परिचित कराया जाएगा।

इस अवसर पर प्राइवेट कम्युनिटी के सह-संस्थापक एवं अंतरराष्ट्रीय बिजनेस ग्रोथ मेंटर मैक श्रीनिवासन (Mac Srinivasan) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वे उद्यमियों के साथ कारोबारी नेतृत्व, विस्तार की रणनीतियों और महत्वपूर्ण व्यावसायिक निर्णयों में अनुभवी साथियों की भूमिका पर संवाद करेंगे। मैक श्रीनिवासन को 35 वर्षों से अधिक का अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक अनुभव है। वे 70 से अधिक देशों में फ्रेंचाइजी विस्तार से जुड़ी पहलों में भूमिका निभा चुके हैं और दुनिया भर में दो लाख से अधिक उद्यमियों को संबोधित कर चुके हैं। वर्तमान में वे सिंगापुर स्थित द अबंडेंट ग्रुप के सीईओ हैं।

अनुभवी उद्यमियों के बीच रणनीतिक संवाद का मंच

इटली से शुरू हुई प्राइवेट कम्युनिटी वर्तमान में 11 देशों में सक्रिय है। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी उद्यमियों को एक ऐसे विश्वसनीय समुदाय से जोड़ना है, जहां वे कारोबारी चुनौतियों, भविष्य की योजनाओं और महत्वपूर्ण निर्णयों पर एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकें। कम्युनिटी में सीमित सदस्यों



के समूह बनाए जाते हैं, ताकि प्रत्येक सदस्य को अपनी बात रखने और दूसरों के दृष्टिकोण को समझने का पर्याप्त अवसर मिल सके। नियमित बैठकों, ऑनलाइन सत्रों और गोपनीय वातावरण में रणनीतिक संवाद के माध्यम से सदस्य कारोबार के विस्तार, नेतृत्व, उत्तराधिकार योजना, पेशेवर प्रबंधन और नवाचार जैसे विषयों पर सामूहिक समझ विकसित करते हैं। सदस्यता के लिए एक निर्धारित चयन प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिसमें उद्यमियों के व्यावसायिक उद्देश्यों और कम्युनिटी के मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को महत्व दिया जाता है।

AI और मानवीय अनुभव का समन्वय

प्राइवेट कम्युनिटी की कार्यप्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए *'COMBINE™' (Community Business Intelligence Engine)* नाम से विशेष AI आधारित प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। यह प्लेटफॉर्म सदस्यों को व्यावसायिक जानकारियों के विश्लेषण, रणनीतिक सोच और सामूहिक अनुभवों के आधार पर विभिन्न संभावनाओं को समझने में सहयोग करता है। कम्युनिटी की अवधारणा में तकनीक को मानवीय अनुभव का विकल्प नहीं, बल्कि उसे अधिक प्रभावी बनाने का माध्यम माना गया है। इसका उद्देश्य उद्यमियों को विभिन्न दृष्टिकोण उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने कारोबारी निर्णय अधिक स्पष्टता और समझ के साथ ले सकें।

प्रमुख कारोबारी क्षेत्रों की होगी भागीदारी

राजस्थान में प्राइवेट कम्युनिटी की शुरुआत का नेतृत्व रीजनल प्रेसिडेंट दिव्य अग्रवाल, आर्किटेक्ट प्रियंक गुप्ता, पीयूष गुप्ता और दर्शन कोठारी कर रहे हैं। व्योमिका नेक्सस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से राजस्थान में शुरू हो रही इस कम्युनिटी में प्रमुख बिल्डर्स, आर्किटेक्ट्स, डॉक्टर्स, अस्पताल संचालक, होटल व्यवसायी, ज्वेलर्स, उद्योगपति और अन्य अग्रणी व्यावसायिक प्रतिनिधियों की भागीदारी प्रस्तावित है। इसके साथ ही मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर, शिक्षा, रियल एस्टेट, इंफ्रास्ट्रक्चर, हॉस्पिटैलिटी, पर्यटन, टेक्नोलॉजी, रिटेल और पारिवारिक व्यवसायों से जुड़े उद्यमियों तथा अगली पीढ़ी के कारोबारी नेतृत्व को भी इस पहल से जोड़ने पर जोर रहेगा। राजस्थान में पारंपरिक और पारिवारिक व्यवसायों की मजबूत विरासत रही है। बदलती तकनीक, नई बाजार परिस्थितियों और नेतृत्व परिवर्तन के दौर में यह पहल स्थानीय उद्यमियों को व्यापक दृष्टिकोण एवं अनुभवी व्यावसायिक नेतृत्व का लाभ उठाने का अवसर प्रदान करेगी।

जयपुर मैरियट में दो दिवसीय कार्यक्रम

प्राइवेट कम्युनिटी राजस्थान का दो दिवसीय प्रीव्यू कार्यक्रम 14 और 15 नवंबर 2026 को जयपुर मैरियट होटल, आश्रम मार्ग, जवाहर सर्किल में आयोजित होगा। दोनों दिन सुबह 9:30 बजे और दोपहर 3:30 बजे विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक सत्र लगभग दो घंटे का होगा, जिसके बाद हाई-टी की व्यवस्था रहेगी। प्रत्येक सत्र में अधिकतम 60 प्रतिभागियों की भागीदारी निर्धारित है। कार्यक्रम में प्रवेश आमंत्रण एवं पंजीकरण की पुष्टि के आधार पर होगा।

ब्रीफ न्यूज

रोडवेज बस में मिला रुपयों से भरा पर्स पुलिस को सौंपकर नन्हीं देव्याशी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल



थिंक राजस्थान • सरदारशहर

आज के दौर में जहां छोटी-सी चीज मिलने पर भी कई लोग उसे अपना बनाने की कोशिश करते हैं, वहीं सुजानगढ़ की नन्हीं बच्ची देव्याशी ने ईमानदारी और अच्छे संस्कारों की मिसाल पेश की है। जानकारी के अनुसार, रतनगढ़ से सरदारशहर आ रही राजस्थान रोडवेज की बस में मोतीलाल सोनी की बेटी देव्याशी को रुपयों से भरा एक पर्स मिला। बच्ची ने पर्स अपने पास रखने के बजाय उसे उसके असली मालिक तक पहुंचाने की नेक पहल करते हुए पुलिस को सौंपने का निर्णय लिया। शाम करीब 6 बजे सरदारशहर पहुंचने पर देव्याशी ने पर्स थानाधिकारी धीरेंद्र शेखावत को सौंप दिया। बच्ची की इस ईमानदार पहल की सराहना की जा रही है। छोटी उम्र में देव्याशी ने अपने संस्कारों और नेक नीयत से यह संदेश दिया कि ईमानदारी के लिए उम्र मायने नहीं रखती। उसका यह कदम समाज के लिए प्रेरणादायक है।

सेल्समैन को आग लगाने के दो आरोपी गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जयपुर

रेनवाल इलाके में शराब सेल्समैन पर पेट्रोल डालकर आग लगाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करीब 400 किलोमीटर पीछा कर उन्हें हरियाणा के बहादुरगढ़ से पकड़ा। आरोपियों की तलाश में करीब 200 CCTV कैमरों के फुटेज खंगाले गए। रेनवाल थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरजीत सिंह उर्फ रोकी उर्फ राहुल और योगेंद्र सिंह उर्फ रवि शेखावत के रूप में हुई है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक भी जब्त की है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी वारदात के बाद लगातार ठिकाने बदल रहे थे। इस मामले का तीसरा आरोपी किशन मीणा अब भी फरार है। पुलिस ने बताया कि वह कई मामलों में हरियाणा में फरारी काट रहा है। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। यह कार्रवाई जयपुर आईजी और एसपी हनुमान प्रसाद मीणा के निर्देशन में हुई। ASP नीरज पाठक और जोबनेर डिप्टी पन्नालाल जांगिड़ की निगरानी में थाना प्रभारी राजेंद्र यादव के नेतृत्व वाली टीम ने कार्रवाई की। DST टीम इंचार्ज सुहैल खान, कांस्टेबल सुरेश और प्रकाश वर्मा की भी कार्रवाई में भूमिका रही।

सरदारशहर में छह महीने से नलों में आ रहा बदबूदार-मटमैला पानी

181 पर शिकायतों का निस्तारण फिर भी समस्या बरकरार; अब न्यायालय जाने की तैयारी

थिंक राजस्थान • सरदारशहर

शहर के वार्ड नंबर 28 में अर्जुन क्लब के सामने स्थित गली के निवासी पिछले करीब छह महीनों से नलों में खराब पानी आने की समस्या से परेशान हैं। स्थानीय निवासी राजू सोनी का आरोप है कि घरों में सप्लाई होने वाला पानी पीने योग्य नहीं है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है।

राजू सोनी के अनुसार, उन्होंने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 पर कई बार शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन हर बार शिकायत का निस्तारण दर्शा दिया जाता है। इसके बावजूद मौके पर हालात जस के तस बने हुए हैं। इससे विभाग की शिकायत निस्तारण प्रक्रिया पर भी सवाल उठ रहे हैं।

वहीं, सिटी एईएन सुमित का कहना है कि विभाग की ओर से तीन-चार बार जांच करवाई जा चुकी है, लेकिन कहीं कोई लीकेज नहीं मिला। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि लीकेज नहीं है तो पानी की गुणवत्ता खराब होने का कारण क्या है? क्या विभाग ने पानी के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच करवाई है? समस्या का समाधान नहीं होने से जलदाय विभाग के उच्चाधिकारियों की जवाबदेही पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय



लोगों ने एक्सईएन रामदेव पारीक सहित संबंधित अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर पेयजल की गुणवत्ता की जांच करवाने और स्थायी समाधान करने की मांग की है। लगातार छह महीने से परेशानी झेल रहे राजू सोनी ने अब न्यायालय की शरण लेने की तैयारी जताई है। उनका कहना है कि आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना विभाग की जिम्मेदारी है। केवल शिकायतों का निस्तारण दिखाने से लोगों की समस्या दूर नहीं होगी। स्थानीय निवासियों ने विभाग से कागजी कार्रवाई के बजाय मौके पर समस्या का समाधान कर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग की है।

काहिरा में इंडिया स्टोनमार्ट 2028 का अंतरराष्ट्रीय प्रमोशनल बूथ लॉन्च



थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान के प्राकृतिक पत्थर उद्योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने और वैश्विक बाजार में नए व्यापारिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंडिया स्टोनमार्ट 2028 का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार शुरू हो गया है। मिस्र की राजधानी काहिरा में आयोजित स्टोन अफ्रीका 2026 में इंडिया स्टोनमार्ट 2028 के विशेष प्रमोशनल बूथ का भव्य उद्घाटन किया गया। 12 से 15 नवंबर तक आयोजित हो रही इस अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में 13 नवंबर को स्टॉल नंबर 4F16 का उद्घाटन विभिन्न देशों के राजनयिकों, मंत्रियों, सरकारी प्रतिनिधियों और अंतरराष्ट्रीय उद्योग संगठनों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुआ।

समारोह में नामीबिया के राजदूत महामहिम Wietch H.C. Mupya, दक्षिण सूडान के मंत्री कांग, रवांडा दूतावास की वाणिज्यिक अटैची ऐलिस, तंजानिया की वाणिज्यिक अटैची नसरिया, जाम्बिया दूतावास के वाणिज्यिक अटैची डेविन और सांस्कृतिक अटैची एनी सहित केन्या दूतावास के काउंसलर सैमुएल मौजूद रहे। इसके अलावा लाइबेरिया दूतावास के काउंसलर लस्साना ए. केइता, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ अरब बिजनेसमेन एंड इन्वेस्टर्स अब्रॉड के कार्यकारी निदेशक डॉ. अला एल-एसावी सहित कई अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में लघु उद्योग भारती की ओर से राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री नरेश पारीक, उपाध्यक्ष एवं इंडिया स्टोनमार्ट 2028 के कन्वीनर नटवरलाल अजमेरा तथा लघु उद्योग भारती जोधपुर प्रांत के संयुक्त महामंत्री सुरेश विश्नोई प्रतिनिधिमंडल के रूप में शामिल हुए। प्रमोशनल बूथ के माध्यम से राजस्थान के मार्बल, ग्रेनाइट, सैंडस्टोन सहित विभिन्न प्राकृतिक पत्थरों की गुणवत्ता, विविधता और आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय खरीदारों, आयातकों, आर्किटेक्ट्स, स्टोन प्रोसेसर्स और मशीनरी निर्माताओं को भारतीय स्टोन उद्योग की क्षमताओं से रूबरू कराया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के राजनयिकों, व्यापारिक प्रतिनिधियों और उद्योग संगठनों से मुलाकात कर उन्हें 17 से 20 फरवरी 2028 तक जयपुर के JECC में आयोजित होने वाले 14वें इंडिया स्टोनमार्ट 2028 में शामिल होने का निमंत्रण दे रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय प्रचार अभियान का उद्देश्य विदेशी खरीदारों, अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों और विभिन्न देशों के कंट्री पवेलियन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधियों के अनुसार, स्टोन अफ्रीका जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर इंडिया स्टोनमार्ट का प्रचार भारत के प्राकृतिक पत्थर उद्योग के लिए नए व्यापारिक अवसर खोलेगा। इससे राजस्थान को वैश्विक प्राकृतिक पत्थर और स्टोन टेक्नोलॉजी के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी मदद मिलेगी। यह पहल भारत और अफ्रीकी देशों के बीच व्यापारिक संबंध मजबूत करने के साथ राजस्थान के स्टोन उद्योग के लिए नए अंतरराष्ट्रीय बाजार और निवेश के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

छापरवाड़ा बांध से नहरें खोलने पर चर्चा: जल वितरण समिति ने मांगों पर रिपोर्ट बनाई

थिंक राजस्थान • दूदू

दूदू में छापरवाड़ा बांध से नहरों में पानी छोड़ने और जल वितरण की योजना पर शुक्रवार शाम बैठक हुई। बांध रेस्ट हाउस में हुई जल वितरण समिति की बैठक में किसानों और ग्रामीणों की मांगों पर चर्चा की गई। बांध में करीब 4.50 फीट पानी उपलब्ध है। बैठक में इसे रबी की फसलों की सिंचाई और ग्रामीण इलाकों के तालाब-जोहड़ों को भरने के लिए इस्तेमाल करने की मांग उठी। बैठक की अध्यक्षता दूदू एडीएम सुरेश कुमार यादव ने की। इसमें दूदू एसडीएम गुलाब सिंह, मौजमाबाद एसडीएम मुकेश कुमार, फागी एसडीएम बलवीर सिंह, जलदाय विभाग के मिशाराम और अलग-अलग विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

किसानों और ग्रामीणों ने पानी की जरूरत, नहरों से सिंचाई और तालाब-जोहड़ों को भरने पर सुझाव दिए। उन्होंने उपलब्ध पानी का उचित बंटवारा कर ज्यादा से ज्यादा किसानों और गांवों तक पहुंचाने की मांग की। बैठक में मिले सुझावों और मांगों के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर जिला कलेक्टर को सौंपी जाएगी। जिला स्तर पर फैसला होने के बाद उसी के अनुसार छापरवाड़ा बांध की नहरें खोली जाएंगी। किसानों को प्रशासन के फैसले का इंतजार है।



ट्रॉला हादसा: 17 दिन बाद भतीजी की शादी, चाचा की मौत: प्लाईवुड कारोबारी की भी जान गई

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर-दिल्ली हाईवे पर शुक्रवार को बेकाबू ट्रॉले ने कार, स्कूटी सहित पांच गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं परिवार में एकमात्र कमाने वाले एक युवक के पैर में फ्रैक्चर होने से परिवार पर आर्थिक संकट हो गया। हादसे में मारे गए हनुमान सहाय के घर में 17 दिन बाद भतीजी की शादी है। मौत की सूचना मिलते ही शादी की खुशियां गम में बदल गई। परिजनों ने कहा- अब कहने के लिए कुछ है ही नहीं। हादसे में पैदल जा रहे फागी-रेनवाल (रायपुरा तहसील माधोराजपुरा) निवासी हनुमान सहाय (40) को ट्रेलर ने रौंद दिया था। उनके चचेरे भाई मांगीलाल शर्मा ने बताया- परिवार में 1 दिसंबर को हनुमान सहाय की भतीजी की शादी है। हनुमान सहाय शादी की तैयारियों में लगे हुए थे।

वहीं सीता विहार दादी का फाटक निवासी रमेश चंद्र शर्मा (57) ने भी हादसे के बाद हॉस्पिटल ले जाते समय दम तोड़ दिया। रमेश चंद्र के भांजे अविनाश कुमार तिवाड़ी ने बताया- मैं बचपन से ही मामा के पास रह रहा हूं। इसलिए मामा मुझसे ज्यादा प्यार करते थे। दिसंबर महीने में एनिवर्सरी थी। इसे मामा धूमधाम से मनाने वाले थे, लेकिन हमारी खुशियां मातम में बदल गईं। मांगीलाल शर्मा ने कहा- हनुमान सहाय और राजेंद्र दो भाई हैं। हनुमान सहाय खेती करते थे। उनके भाई राजेंद्र की बेटी की 1 दिसंबर को शादी है। परिवार खरीदारी और फंक्शन की तैयारियों में लगा था। शादी की जिम्मेदारी हनुमान सहाय निभा रहे थे। भाई की बेटी की शादी में उनकी उतनी ही भूमिका थी, जितनी स्वयं की बेटी में होती है। वे घर से 12 दिसंबर को चौमूं स्थित जटवाली गांव में अपनी ससुराल गए थे। शुक्रवार को घर आ रहे थे। जयपुर में हाईवे के पास खड़े थे। इसी दौरान ट्रॉले ने कुचल दिया। पुलिस ने बताया कि 14 नंबर रोड पर ट्रेलर हादसे में हनुमान सहाय की मौत हो गई। इतना सुनते ही मानों परिवार की खुशियों को ग्रहण लग गया। हनुमान सहाय के परिवार में पत्नी गुलाब देवी (48) और दो बेटे महेश शर्मा और अशोक शर्मा हैं। 2 बेटियों रोशन शर्मा और सुमन शर्मा की शादी हो गई है।

परिजन बोले- जल्दी आने के लिए कहा था, मौत की सूचना



मिली हादसे में कार सवार सीता विहार दादी का फाटक निवासी रमेश चंद्र शर्मा (57) भी ट्रेलर की चपेट में आ गए। घायल रमेश चंद्र ने हॉस्पिटल जाते समय दम तोड़ दिया।रमेश चंद्र शर्मा के भांजे अविनाश कुमार तिवाड़ी ने बताया- मामा रमेश मूलतः बस्सी रेलवे स्टेशन कॉलोनी के निवासी थे। मेरे मामा की कालाडेरा में प्लाईवुड फैक्ट्री है। इसके चलते दादी का फाटक पर उन्होंने एक घर बना रखा है। वे ज्यादातर यहीं रहते थे। वहीं जमीन खरीदने के सिलसिले में वे शुक्रवार को कार से दादी का फाटक स्थित घर से निकले थे। उन्हें किसी को साथ लेना था। इसलिए सर्विस लेन में गाड़ी बंद करके गाड़ी में बैठे थे। भांजे अविनाश कुमार ने बताया- मामा रमेश ने कहा था कि जल्दी वापस आता हूं, लेकिन हादसे के बाद उनकी मौत की सूचना मिली। अविनाश ने बताया- रमेश चंद्र की मां क शल्या देवी (80), पिता ओमप्रकाश शर्मा (85), पत्नी पार्वती देवी और दो बेटियां हैं। बड़े बेटी रोशन शर्मा की शादी 5 साल पहले की थी। वहीं दूसरी बेटी खुशी शर्मा RAS की तैयारी कर रही हैं। खुशी ने हाल ही आरएएस प्री-परीक्षा दी है।

अविनाश कुमार तिवाड़ी ने बताया- हादसे के लिए सरकार-प्रशासन की व्यवस्थाएं जिम्मेदार हैं। पहले भी यहां बड़ा हादसा हुआ। ट्रोला ने पहले भी हादसा किया, आज फिर हुआ। ये हादसों का हॉट स्पॉट है। फिर भी सरकार और प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया जाता। ट्रोले बैखोफ होकर चलते हैं। ऐसे ही आम आदमी को रौंद देते हैं। पहले भी लोगों को ट्रोले ने रौंद दिया। आगे भी ऐसा ही चलता रहेगा, जब तक सरकार और प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठाती। सीकर के खंडेला के बामणवास निवासी घायल नवरंग (36) ने दर्द से कहराते हुए कहा- हाल में जयपुर में नौकरी के चलते नोडस स्कूल के पास लोहामंडी में किराये के मकान में रहने आया था। मैं ड्राई प्रिंटिंग का काम करता हूं। सुबह साढ़े 9 बजे वीकेआई स्थित काम करने की जगह गया था। फिर मुझे काम के मामले में सांगानेर जाना था। इससे पहले मैं लोहामंडी आया था। फिर यहां से मुझे सांगानेर जाना था, इसलिए मैंने उबर बाइक राइड बुक की थी। मैं गाड़ी का इंतजार कर रहा था कि इतने में ही ट्रेलर ने टक्कर मार दी।

नवरंग ने बताया- परिवार में मैं इकलौता कमाने वाला हूं। परिवार में बूढ़े माता-पिता, पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। उन्होंने कहा- हादसा इतना भयावह था कि कुछ समझ नहीं आया। ट्रेलर की टक्कर इतनी तेज थी कि मैं 5 से 6 फीट ऊपर उछला और 4 घंटे के बाद होश हॉस्पिटल में आया।

रीमा कलिंगल की 'नेयथे' प्रस्तुति ने मोहा मनः केरल की बुनाई परंपरा को समकालीन नृत्य में पिरोया, 20 से 22 नवंबर तक होगा जयपुर डांस कॉन्क्लेव





थिंक राजस्थान • जयपुर

करघे पर चलते धागे, बुनकरों के हाथों की लय और कपड़े तैयार करने की प्रक्रिया को अगर नृत्य के माध्यम से मंच पर उतारा जाए तो यह कला का एक अनूठा अनुभव बन जाता है। कुछ ऐसा ही नजारा शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में देखने को मिला। यहां जयपुर डांस कॉन्क्लेव के दूसरे संस्करण के कर्टेन रेजर में केरल की प्रसिद्ध डांसर और अभिनेत्री रीमा कलिंगल के निर्देशन में मामंगम डांस कंपनी ने समकालीन नृत्य प्रस्तुति 'नेयथे-डांस ऑफ द वीव्स' पेश की। इस प्रस्तुति में केरल की पारंपरिक हथकरघा कला, बुनकरों के शारीरिक श्रम और उनकी रचनात्मकता को नृत्य की भाषा में खूबसूरती से अभिव्यक्त किया गया। प्रस्तुति ने दर्शकों को भारतीय शिल्प परंपरा और समकालीन नृत्य के अनूठे संगम से रूबरू कराया। मलयालम भाषा में 'नेयथे' का अर्थ बुनाई होता है। इस प्रस्तुति में बुनाई की पूरी प्रक्रिया को नृत्य और शारीरिक गतिविधियों के जरिए मंच पर साकार किया गया। करघे पर चलते धागों, बुनकरों के हाथों की गति, औजारों के इस्तेमाल और कपड़े तैयार करने की लय को डांसर्स ने अपनी शारीरिक मुद्राओं और गतिविधियों में पिरोया। इसमें लोक एवं शास्त्रीय नृत्य शैलियों से प्रेरणा लेते हुए समकालीन नृत्य की अभिव्यक्ति को शामिल किया गया। प्रस्तुति में बुनकरों के काम को केवल श्रम के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसी रचनात्मक कला के तौर पर दिखाया गया, जिसमें धैर्य, अनुशासन, कल्पनाशीलता और सामूहिकता की अहम भूमिका होती है।

'नेयथे' की खासियत यह रही कि इसमें बुनाई की पारंपरिक प्रक्रिया को किसी कहानी की तरह प्रस्तुत करने के बजाय उसकी गतिविधियों और लय को ही नृत्य का आधार बनाया गया। डांसर्स की सामूहिक गतिविधियों में करघे की गति, धागों का आपस में जुड़ना और कपड़े का आकार लेना जैसे दृश्यात्मक अनुभव उभरकर सामने आए। प्रस्तुति के जरिए यह संदेश भी दिया गया कि पारंपरिक शिल्प केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक विरासत है। इसमें समुदाय की भागीदारी, सहनशीलता और मानवीय कल्पना का भी महत्वपूर्ण योगदान है। जयपुर डांस कॉन्क्लेव का दूसरा संस्करण 20 से 22 नवंबर तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होगा। वर्ष 2025 में पहले संस्करण की सफलता के बाद अब यह आयोजन वार्षिक स्वरूप में आगे बढ़ रहा है। राजस्थान में अपनी तरह का यह विशेष आयोजन शास्त्रीय, लोक और समकालीन नृत्य शैलियों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। तीन दिवसीय कॉन्क्लेव में देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके साथ ही वर्कशॉप, मास्टरक्लास, चर्चाएं और इंटरैक्टिव गतिविधियां भी आयोजित होंगी। इसका उद्देश्य केवल नृत्य प्रस्तुतियों का प्रदर्शन करना नहीं, बल्कि कलाकारों और दर्शकों के बीच संवाद और कलात्मक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना भी है।

मामंगम डांस कंपनी की स्थापना वर्ष 2014 में केरल की प्रसिद्ध डांसर और अभिनेत्री रीमा कलिंगल ने की थी। यह कंपनी भारतीय समकालीन नृत्य की एक विशिष्ट शैली विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। इसकी प्रस्तुतियों में केरल की शास्त्रीय और लोक नृत्य परंपराओं के साथ समकालीन सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों का मेल देखने को मिलता है।

'नेयथे' को देश और विदेश के कई प्रतिष्ठित मंचों पर प्रस्तुत किया जा चुका है। इनमें मुंबई का नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर, मिलान का स्पाजियो टीट्रो नो'हमा टेरेसा पोमोडोरो, न्यूयॉर्क का इरेजिंग बॉर्डर्स डांस फेस्टिवल, बगदाद इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल और ओमान का अल-दान इंटरनेशनल फेस्टिवल प्रमुख हैं। जयपुर डांस कॉन्क्लेव की परिकल्पना और निर्देशन अमृता लाहिड़ी एवं मनजोत चावला ने किया है। यह आर्टस्पॉट्स की पहल है। आयोजन को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, ट्राइब अम्रपाली और अंद्राब का सहयोग प्राप्त है। कॉन्क्लेव के माध्यम से जयपुर में नृत्य की विभिन्न विधाओं को प्रोत्साहित करने के साथ कलाकारों, कला प्रेमियों और नई पीढ़ी के बीच नृत्य संस्कृति को लेकर एक रचनात्मक संवाद विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

ब्रीफ न्यूज

नापासर में माहेश्वरी खेल महोत्सव का रोमांच जारी

थिंक राजस्थान • बीकानेर

नापासर के राजीव गांधी स्टेडियम में माहेश्वरी युवा संगठन की ओर से पांच दिवसीय माहेश्वरी खेल महोत्सव सीजन-6 चल रहा है। तीसरे दिन शुक्रवार को क्रिकेट के तीन लीग मैच और दो क्वार्टर फाइनल खेले गए। पहले लीग मैच में डेजर्ट किंग्स ने बड़ा फलसा को 7 विकेट से हराया। बिरजू करनानी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में बिंदास माहेश्वरी ने बिरदी बाबा को 6 विकेट से हराया। हेमंत मोहता मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरे मैच में माहेश्वरी टाइटंस ने मावेरिक माहेश्वरी को 70 रन से हराया। श्रीप्रकाश मुंधड़ा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पहले क्वार्टर फाइनल में युवा लॉयन्स ने बड़ा फलसा को 105 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। राघव झंवर मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे क्वार्टर फाइनल में स्मार्ट माहेश्वरी ने राइजिंग माहेश्वरी को 15 रन से हराया। टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। नारायण सादानी मैन ऑफ द मैच चुने गए।

सीएनजी टैंकर का सिलेंडर लीकःतीन दर्जन सिलेंडर लदे थे

थिंक राजस्थान • नोखा

नोखा थाना क्षेत्र के भामटसर गांव के पास शुक्रवार दोपहर सीएनजी टैंकर का एक सिलेंडर लीक हो गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के मुताबिक, टैंकर में तीन दर्जन सीएनजी सिलेंडर लदे थे। एक सिलेंडर से गैस लीक होने लगी तो तेज आवाज और गंध के कारण आसपास के लोग घरों से बाहर आ गए। मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर थानाधिकारी गोविंद सिंह चारण पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लोगों की आवाजाही और सड़क पर यातायात रोक दिया। आसपास के इलाके में नाकेबंदी भी की गई। पुलिस ने गैस कंपनी के तकनीकी कर्मचारियों को बुलाया। जांच में पता चला कि लीक हुआ सिलेंडर पूरी तरह खाली हो चुका था। तकनीशियनों ने टैंकर की जांच कर उसे ठीक किया। इसके बाद टैंकर को रवाना कर दिया गया और यातायात फिर शुरू हुआ। थानाधिकारी गोविंद सिंह चारण ने बताया कि टैंकर चालक और कंपनी के तकनीशियनों को गांव के रास्ते से ऐसे गैस टैंकर नहीं ले जाने के लिए पाबंद किया गया है। उन्होंने कहा कि आबादी वाले गांवों से टैंकर न ले जाकर बड़े हाईवे से ले जाएं, ताकि आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

अकरम हत्याकांड में आरोपी गिरफ्तार, पहले से 9 मामले दर्ज

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर में हेड पोस्ट ऑफिस के पास युवक अकरम उर्फ सोनू की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में कोटगेट थाना पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी सोहिल उर्फ भोमा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पहले से शहर के अलग-अलग थानों में हत्या के प्रयास, मारपीट, लूट और नकबजनी सहित 9 मामले दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर वारदात के कारणों और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। कोटगेट थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी ने बताया- धनतेरस के दिन गुरुवार रात हेड पोस्ट ऑफिस के पास दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। इस दौरान अकरम पर चाकू से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। उसे तत्काल पीबीएम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को उसने दम तोड़ दिया। अकरम की मौत की सूचना मिलने के बाद परिजन और समाज के लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर धरना शुरू कर दिया। बाद में हत्या की एफआईआर दर्ज होने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। परिजनों की मांग थी कि वारदात में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया था कि अकरम ने नशे के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी से नाराज होकर उस पर हमला किया गया था, हालांकि जांच में हत्या के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी। कोटगेट थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी ने बताया- मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। सदर और कोटगेट थाना पुलिस भी जांच में जुटी है। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर वारदात से जुड़े अन्य तथ्यों का पता लगा रही है।

यूपीआई के जरिए ऐंठे रुपयेः इंस्टाग्राम पर टॉय कार ली, लगा 1.10 लाख का फटका

थिंक राजस्थान • बीकानेर

सोशल मीडिया पर ऑनलाइन शॉपिंग करना जिले के पांचू थाना क्षेत्र के कक्कू गांव निवासी एक युवक को भारी पड़ गया। बच्चों के लिए खिलौने वाली गाड़ी खरीदने के चक्कर में साइबर ठगों ने युवक को झांसे में लेकर करीब 1.10 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। पांचू में ग्राम कक्कू निवासी 29 वर्षीय नारायणराम पुलिस को रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में बताया कि 20 सितंबर को उसने इंस्टाग्राम पर बच्चों के खिलौनों की गाड़ी का एड देखा था। गाड़ी खरीदने के लिए उसने इंस्टाग्राम पर दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। कॉल पर मौजूद अज्ञात ठग ने उसे अपनी बातों के जाल में फंसा लिया और अलग-अलग यूपीआई आईडी के माध्यम से कुल 1,10,898 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करवाई। साइबर पुलिस थाना जयपुर से एक जीरो नंबरी एफआईआर पांचू पुलिस थाने को प्राप्त हुई। पीड़ित नारायणराम ने पांचू थाने पहुंचकर विधिवत रिपोर्ट दर्ज कराई। पांचू थाना एसएचओ ईश्वरप्रसाद जांगिड़ ने बताया कि परिवादी की रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब ट्रांजेक्शन आईडी (यूटीआर नंबर) और संबंधित मोबाइल नंबर के आधार पर साइबर ठगों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।


डिजिटल क्रांति की रफ्तार के साथ ही बीकानेर रेंज में साइबर अपराधियों का नेटवर्क भी बेकाबू होता जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में साइबर ठगी की घटनाओं में सीधे तौर पर 37 प्रतिशत का बड़ा इजाफा दर्ज किया गया है। इसके बावजूद साइबर पुलिस थाने में ना तो एक्सपर्ट हैं और ना ही गिरफ्तार मुल्जिमों को रखने के लिए बैरक। यहां तक कि पूरा थाना उधार के दो कमरों में चल रहा है। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज आंकड़ों का विश्लेषण बताता है कि रेंज में वर्ष, 2024 से 2026 के बीच करीब 45 हजार (44,982) लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार होकर मदद की गुहार लगाने पहुंचे, जिनसे जालसाजों ने 18 करोड़ 94 लाख 5 हजार 394 रुपये ठग लिए। हालांकि, पुलिस ने इनमें से 4 करोड़ 14 लाख 92 हजार 171 रुपये की राशि अलग-अलग बैंक खातों में होल्ड (ब्लॉक) कराकर पीड़ितों को राहत भी दी है। हेल्पलाइन 1930 के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2024 में रेंज में साइबर ठगी की 12,624 शिकायतें दर्ज हुई थीं। तीन साल में शिकायतों की संख्या में यह 37 फीसदी की बढ़ोतरी पुलिस और आमजन दोनों के लिए चिंता का विषय बन गई है। लोगों को ठगों के पैंतरों से बचाने के लिए पुलिस ने रेंज स्तर पर तीन साल में कुल 4,407 जागरूकता कार्यक्रम (2024 में 1,071, 2025 में 1,916 और 2026 में 1,420) आयोजित किए। इसके बावजूद डिजिटल अरेस्ट, लॉटरी, पार्ट-टाइम जॉब और फर्जी लिंक के झांसे में आकर लोग अपनी गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ठगी होते ही शुरुआती 1 से 2 घंटे यानी 'गोल्डन ऑवर' में 1930 पर शिकायत दर्ज कराने पर रकम फ्रीज होने की संभावना सबसे ज्यादा रहती है।

झुंझुनूं नगर परिषद कर्मचारियों का आंदोलन समाप्तः पुलिस-ठेकेदार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

नगर परिषद के कार्मिकों का आंदोलन समाप्त होने के साथ ही शुक्रवार को परिषद कार्यालय में कामकाज फिर से सुचारू हो गया। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ एवं सफाई मजदूर संघ के समर्थन में कार्मिकों की ओर से जारी प्रदर्शन को शहरवासियों की परेशानी और शहर की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए वापस लेने का निर्णय लिया गया। आंदोलन समाप्त करवाने में राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेश बजाड़ की अहम भूमिका रही। उनके प्रयासों के बाद कार्मिकों ने सर्वसम्मति से आंदोलन समाप्त करने का फैसला किया।

आंदोलन समाप्त होने के बाद नगर परिषद कार्यालय में नियमित कामकाज शुरू हो गया। इससे पिछले दिनों से प्रभावित हो रहे आमजन से जुड़े कार्यों के दोबारा सुचारू होने की उम्मीद है। हालांकि, कार्मिकों ने स्पष्ट किया कि आंदोलन वापस लेने का मतलब संबंधित मामले को समाप्त करना नहीं है। कर्मचारियों ने बैठक में कोतवाली पुलिस और



ठेकेदार सुभाष जेनेवा के खिलाफ सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव भी पारित किया।

कार्मिकों ने ठेकेदार सुभाष जेनेवा के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि इस मामले में जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन इसके बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसको लेकर कर्मचारियों में रोष है। अब कार्मिकों ने ठेकेदार के खिलाफ न्यायालय में इस्तगासे के माध्यम से मुकदमा दर्ज करवाने का निर्णय लिया है। यानी आंदोलन समाप्त होने के बाद भी कर्मचारियों की ओर से कानूनी लड़ाई जारी रखी जाएगी।

कोतवाल के बयान को लेकर भी नाराजगी

पूरे घटनाक्रम में कोतवाली पुलिस की भूमिका और कोतवाल के बयान को लेकर भी कार्मिकों में आक्रोश है। कर्मचारियों ने पुलिस के रवैये पर सवाल उठाते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया। कार्मिकों का कहना था कि उन्होंने प्रशासन और पुलिस के सामने अपना पक्ष रखते हुए कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन उनकी शिकायत पर उचित कदम नहीं उठाए गए। इसी नाराजगी के चलते कर्मचारियों ने पुलिस और ठेकेदार दोनों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करवाया।

नवलगढ़ में घर का गेट और दीवार तोड़ीःपरिवार को धमकाने का आरोप



थिंक राजस्थान • नवलगढ़

देवीपुरा बणी में 10-15 युवकों द्वारा एक घर का गेट, दीवार तोड़ने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर गोठड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। सुरेश कुमार सैनी ने गोठड़ा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 12 नवंबर की रात करीब 12 बजे और फिर सुबह 3:40 बजे कैंपर और स्विफ्ट कार में सवार युवक वहां पहुंचे। आरोप है कि युवकों ने गाड़ी पर लगी गाटर से घर के मुख्य गेट और दीवार को टक्कर मारकर तोड़ दिया। उन्होंने गाली-गलौच की और परिवार को घर से बाहर निकलने की धमकी दी। साथ ही, जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। सुरेश कुमार सैनी ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी पहचान करने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

रिटायर्ड बैंक अधिकारी की मौत मामले में मैनेजर गिरफ्तार

पूछताछ के बाद रिहा; टिपर के ड्राइवर की तलाश, बुजुर्ग को टक्कर मारकर भागा था

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर शहर में कचरा संग्रहण के लिए चल रहे टिपर की चपेट में आए रिटायर्ड बैंक अधिकारी केशव दत्त आचार्य की मौत के बाद पुलिस अब जांच में जुट गई है। पुलिस ने हादसे में शामिल टिपर की पहचान कर ली है, जबकि उसका ड्राइवर फिलहाल फरार है। दूसरी ओर, टेंडर कंपनी एसपीएस के मैनेजर अभिषेक को पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं करने पर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

थानाधिकारी सुरजीत सिंह ने बताया कि जिस टिपर से हादसा हुआ था, उसका पता लगा लिया गया है। ड्राइवर की पहचान भी कर ली गई है, लेकिन वह फिलहाल फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। हादसे के बाद कंपनी पर साक्ष्य छिपाने और उनके साथ छेड़छाड़ करने के आरोप भी लगाए गए हैं। मैनेजर अभिषेक पर भी



साक्ष्यों से छेड़छाड़ का आरोप है।

बता दें कि 31 अक्टूबर को गोकुल सर्किल के पास कचरा टिपर की टक्कर से रिटायर्ड बैंक अधिकारी केशव दत्त आचार्य गंभीर घायल हो गए थे। उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां ऑपरेशन के बाद कई दिन तक वेंटिलेटर पर रखा गया। इलाज के दौरान 9 नवंबर को उनकी मौत हो गई। इसके बाद से परिजन मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर आक्रोशित हैं। हादसे के बाद साक्ष्य छिपाने के आरोपों ने कंपनी की भूमिका को भी सवालों के घेरे में ला दिया है। पुलिस अब हादसे में शामिल टिपर के ड्राइवर की गिरफ्तारी के साथ यह भी जांच कर रही है कि दुर्घटना के बाद वाहन और उससे जुड़े साक्ष्यों के संबंध में क्या कार्रवाई हुई।

बंद मकान के ताले तोड़कर चोरीः किराएदार के लौटने के बाद नुकसान का चलेगा पता

थिंक राजस्थान • चूरू

चूरू जिले के रतनगढ़ कस्बे में वार्ड 37 स्थित लुंडिया मोहल्ले में बंद मकान के ताले तोड़कर चोरी की गई। घटना के समय घर में कोई नहीं था। पुलिस नुकसान का आकलन किराएदार के लौटने के बाद करेगी।

रतनगढ़ पुलिस थाने के हेड कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश ने बताया कि मकान मालिक लालचंद गौरीसरिया परिवार के साथ सूरत में रहते हैं। उनके मकान में रेलवे कर्मचारी सुमन जाट किराएदार हैं। वह 10 नवंबर को उज्जैन गई थीं। मकान की सुबह-शाम देखभाल के लिए रेलवे में सफाई का काम करने वाला नरेश आता था। शुक्रवार को वह लाइट बंद करने पहुंचा, तो कमरों के ताले टूटे मिले। उसने सुमन को इसकी सूचना दी।



मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देख रही है।

शराब पीने के दौरान हुई थी कहासुनी, सीने में गोली मार दोस्त की हत्या कर दी

थिंक राजस्थान • सादुलपुर

शराब पीने के दौरान शुरू हुई मामूली कहासुनी ने दोस्ती का खौफनाक अंत कर दिया। साथ बैठकर शराब पीने वाले युवकों के बीच हुई बोलचाल इतनी बढ़ गई कि एक युवक ने अपने ही साथी की गोली मारकर हत्या कर दी। पहचान छिपाने के इरादे से शव को घटना स्थल से करीब 30 किमी दूर राजगढ़ तहसील के गांव सूरतपुरा की रोही स्थित नीमवाले जोहड़ में फेंक दिया।

7 नवंबर को जोहड़ में खून से सनी युवक की डेडबॉडी मिलने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएचओ राजेश कुमार ने बताया कि 7 नवंबर की सुबह सूरतपुरा की रोही स्थित नीमवाले जोहड़ में युवक का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवक की सीने में गोली मारकर हत्या की गई थी। घटना स्थल की परिस्थितियों से आशंका हुई कि हत्या किसी अन्य स्थान पर करने के बाद शव को यहां लाकर फेंका गया है। मुखबिर तंत्र की मदद से मृतक की पहचान अनिल उर्फ मोलड़ पुत्र ओमप्रकाश जाट निवासी बिदवाण, भिवानी (हरियाणा) के रूप में हुई। पुलिस ने संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर आरोपी रमेश उर्फ मोनू जाट (28) निवासी रोढ़ां, भिवानी (हरियाणा) को गिरफ्तार किया।


मृतक के भाई सुनील जाट की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज हुआ था। एसएचओ के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी और मृतक घटना से पहले चार-पांच दिनों से साथ रह रहे थे। इसी दौरान शराब पीते समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अनिल उर्फ मोलड़ की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को सूरतपुरा के जोहड़ में डाल दिया। पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

भारत में अब तक नहीं बना यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क: पूर्व महाराजा गजसिंह ने PM को लिखा पत्र, मेहरानगढ़ के प्रस्ताव पर कार्रवाई की मांग

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर के मेहरानगढ़ को यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क के रूप में विकसित करने की पहल तेज हो गई है। पूर्व महाराजा गजसिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मेहरानगढ़ जियोपार्क के प्रस्ताव पर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। पत्र में इस बात की ओर भी ध्यान दिलाया गया है कि भारत में अब तक कोई यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क स्थापित नहीं हुआ है। मेहरानगढ़ दुर्ग को भारत का पहला यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क बनाने के प्रयासों को लेकर पूर्व महाराजा गज सिंह ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि मेहरानगढ़ दुर्ग और इसके आसपास का क्षेत्र मारवाड़ की असाधारण सांस्कृतिक, भूवैज्ञानिक एवं पारिस्थितिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। इसे यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क के रूप में विकसित करने से भारत की भूवैज्ञानिक विरासत के संरक्षण, अनुसंधान और सतत पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मारवाड़ और राजस्थान को विशिष्ट पहचान मिलेगी।

गौरतलब है कि विश्व के 51 देशों में अब तक 241 यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि भारत में अभी तक एक भी यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क नहीं है। भारत की समृद्ध भूवैज्ञानिक विरासत (जियोहैरिटेज) को देखते



हुए इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। मेहरानगढ़ इस दिशा में देश के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बन सकता है। यह पहल केवल मेहरानगढ़ या जोधपुर तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत को वैश्विक जियोहेरिटेज मानचित्र पर स्थापित करने तथा देश में भू-विरासत संरक्षण, वैज्ञानिक अनुसंधान और जियो-टूरिज्म के विकास का एक नया राष्ट्रीय उदाहरण प्रस्तुत करने का अवसर है।

मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों से भी किया अनुरोध

पूर्व महाराजा गज सिंह ने प्रधानमंत्री के साथ ही राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय कोयला व खान मंत्री जी किशन रेड्डी,केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी को भी इस संबंध में पत्र लिखकर अनुरोध किया हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि भारत सरकार इस प्रस्ताव पर गंभीरता एवं प्राथमिकता से विचार करते हुए संबंधित मंत्रालयों और सक्षम प्राधिकरणों के माध्यम से आवश्यक प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। गज सिंह ने अपने पत्र के साथ डॉ. शिव सिंह राठौड़, संयोजक, मेहरानगढ़ जियोहेरिटेज एवं जियोपार्क इनिशिएटिव द्वारा पूर्व में प्रधानमंत्री को भेजा गया प्रस्ताव भी संलग्न किया है। डॉ. शिव सिंह राठौड़ ने इस पहल के लिए महाराजा गज सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महरानगढ़ की अद्वितीय भूवैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने का यह प्रयास जोधपुर ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है।

ब्रीफ न्यूज

जोधपुर के पांच विद्यार्थियों का आईपीएस में चयन, राष्ट्रपति भवन से मिला आमंत्रण

थिंक राजस्थान • जोधपुर

सिविल सेवा परीक्षा में द विजन आईएएस जोधपुर के 5 विद्यार्थियों का चयन 78वीं रेगुलर रिक्रूट (78 RR) IPS बैच में हुआ। संस्थान के निदेशक विक्रम राठौड़ के मार्गदर्शन में तैयारी करने वाले इन विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के बाद राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात और संवाद का विशेष अवसर मिला। सफल विद्यार्थी तीन दिन जोधपुर पहुंचे और संस्थान के शिक्षकों व वर्तमान विद्यार्थियों से अपने अनुभव, परीक्षा रणनीति और तैयारी के तरीके साझा किए। विक्रम राठौड़ ने सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और मार्गदर्शन को दिया।

राज्य स्तरीय नेटबॉल चैंपियनशिप शुरू, जयपुर-भीलवाड़ा ने दोनों वर्गों में जीते मैच



थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर जिला नेटबॉल संघ की ओर से 9वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप के बालक-बालिका वर्ग के मुकाबले शुक्रवार से श्री सरस्वती बाल वीणा भारती, सूरसागर के खेल मैदान पर शुरू हुए। उद्घाटन उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा भूपेंद्रसिंह सोढ़ा और समाजसेवी रमेश कच्छवाह ने किया। बालक वर्ग में जयपुर ने पाली को 18-2, हनुमानगढ़ ने अजमेर को 17-8, भीलवाड़ा ने अलवर को 21-8 और चूरू ने चित्तौड़गढ़ को 15-5 से हराया। बालिका वर्ग में अजमेर ने बीकानेर को 10-2, सीकर ने अजमेर को 12-9, भीलवाड़ा ने श्रीगंगानगर को 15-2 और जयपुर ने चूरू को 14-2 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। जिला संघ सचिव भूपेंद्रसिंह जोधा ने बताया कि राजस्थान नेटबॉल संघ अध्यक्ष रामगोपाल कटारिया और सचिव भंवरलाल शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

बीआईएस नियमों में राहत के लिए हस्तशिल्प उद्योग ने उठाई पांच मांगें



थिंक राजस्थान • जोधपुर

हस्तशिल्प फर्नीचर उद्योग को बीआईएस गुणवत्ता नियंत्रण नियमों के अनुपालन में आ रही कठिनाइयों के समाधान के लिए 13 नवंबर को डीपीआईआईटी और बीआईएस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक हुई। अधिकारियों ने फर्नीचर निर्माण इकाइयों का दौरा कर उत्पादन प्रक्रिया और समस्याओं की जानकारी ली। जेएचइए अध्यक्ष डॉ. भरत दिनेश, सचिव राजेन्द्र मेहता और को-ऑर्डिनेटर संदीप सिंघवी सहित उद्योग प्रतिनिधियों ने पांच प्रमुख मांगें रखीं। इनमें निर्यात ऑर्डर पर काम करने वाले छोटे सप्लायर्स को बीआईएस प्रमाणन से छूट, घरेलू बिक्री को ही अनिवार्यता का आधार बनाने, आम, बबूल और शीशम की लकड़ी से बने फर्नीचर को छूट देने की मांग शामिल है। प्रतिनिधियों ने प्रत्येक एसकेयू के बजाय पूरी यूनिट के स्तर पर मार्किंग फीस समायोजित करने तथा एमएसएमई के लिए प्लांट एवं मशीनरी निवेश सीमा एक करोड़ से बढ़ाकर दो करोड़ रुपए करने का सुझाव दिया। ईपीसीएच के सीओए सदस्य निर्मल भंडारी और फेडरेशन अध्यक्ष नरेश बोथरा सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भी सुझाव रखे। डीपीआईआईटी निदेशक मोहम्मद इशरार अहमद और बीआईएस अधिकारियों ने समस्याएं सुनीं तथा उद्योग की कार्यप्रणाली समझी।

मेवाड़ से आबू-अंबाजी का नया टूरिस्ट कॉरिडोर, सड़क 10 मीटर चौड़ी होगी


थिंक राजस्थान • उदयपुर

झीलों की नगरी उदयपुर के पर्यटन उद्योग और गुजरात से सीधी सड़क कनेक्टिविटी को जल्द ही बड़ा बूस्ट मिलने जा रहा है। जिले के खेरवाड़ा से बाबलवाड़ा होते हुए गरणवास तक डबल लेन हाईवे (नेशनल हाईवे-927ई) का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की राष्ट्रीय राजमार्ग शाखा ने 225 करोड़ रुपए की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, दिल्ली को भेज दी है। मंत्रालय से वित्तीय और तकनीकी स्वीकृति मिलते ही टेंडर और निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। अभी यह सड़क महज 3 से 5 मीटर चौड़ी है। परियोजना के तहत इसे करीब 10 मीटर चौड़ा कर आधुनिक दो लेन हाईवे के रूप में विकसित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के पूरा होने से न केवल आदिवासी अंचल की तस्वीर बदलेगी, बल्कि उदयपुर शहर के पर्यटन व्यवसाय को भी सीधा और बड़ा फायदा मिलेगा।

स्क्रीनिंग के जरिए 5 साल तक के बच्चों में पहचानेंगे निमोनिया

थिंक राजस्थान • सीकर

सर्दी में बच्चों को निमोनिया से बचाने और समय पर लक्षणों की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जिले में सांस अभियान शुरू किया है। शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया सहित अधिकारियों ने अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। सीएमएचओ



ने बताया कि विश्व निमोनिया दिवस पर शुरू हुआ अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। इसके तहत जन्म से 5 साल तक के बच्चों की स्क्रीनिंग कर निमोनिया के लक्षणों की पहचान की जाएगी। आशा व एएनएम घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करेंगी। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और उपचार की व्यवस्था भी मजबूत की जाएगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल सिंह ने बताया कि आशाओं को अमॉक्सिसिलिन सिरप व एएनएम और सीएचओ को अमॉक्सिसिलिन सिरप व जेंटामाइसिन इंजेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। विमोचन में डॉ. विशाल सिंह, डॉ. अंबिका प्रसाद जांगिड़, अरुण कुमार बनर्जी, आनंदीलाल जांगिड़ आदि थे।

डॉक्टर का शव झुंझुनूं ले गए परिजन, बोले- बीमारी से तंग थी

थिंक राजस्थान • जोधपुर

उम्मेद अस्पताल के पास पीजी हॉस्टल में गुरुवार को अपने कमरे में मृत मिली रेजिडेंट निक्की चौधरी (26) का शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ। परिजन शव को झुंझुनूं ले गए। परिजनों के अनुसार निक्की किसी बीमारी से अवसाद में थी। उन्होंने पुलिस में कोई शिकायत नहीं दी है। केवल मर्ग की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मथुरादास माथुर अस्पताल के एनेस्थिसिया विभाग में कार्यरत डॉ. निक्की ने गुरुवार सुबह सुबह कुछ मेडिकल टेस्ट भी कराए थे। उनके हाथ पर कैनुला लगा मिला। टेस्ट कहां से कराए, कैनुला कहां से लगाया और क्या दवा ली थी, इन सवालों के जवाब जांच के बाद ही मिलेंगे। फिलहाल पुलिस सुसाइड के एंगल से भी जांच कर रही है। शुक्रवार सुबह एफएसएल टीम कमरा नंबर 312 में पहुंची और वहां रखे सभी सामान की बारीकी से जांच की।

ओम आश्रम आएंगे देश-विदेश के 200 एक्सपर्ट: सम्मेलन में करेंगे योग और आयुर्वेद पर चर्चा

थिंक राजस्थान • पाली

पाली के जाडन स्थित ओम आश्रम में 14-15 नवंबर को 2 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होगा। देश-विदेश से आने वाले 200 एक्सपर्ट भारतीय प्राचीन ज्ञान, परंपरा और आधुनिक जीवनशैली और योग-आयुर्वेद पर पर चर्चा करेंगे। जानकारी के अनुसार, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से पाली जिले के जाडन स्थित विश्वविख्यात ओम आश्रम में 14 एवं 15 नवंबर को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 'बेहतर आज और कल के लिए प्राचीन ज्ञान' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में योग एवं आयुर्वेद के माध्यम से स्वस्थ, जागरूक एवं सार्थक जीवन की अवधारणा पर देश-विदेश के विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि होंगे।

यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन महामंडलेश्वर स्वामी महेश्वरानंद की प्रेरणा से और ओम आश्रम के उत्तराधिकारी महामंडलेश्वर स्वामी अवतार पुरी के पावन सानिध्य एवं



मार्गदर्शन में आयोजित होगा। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समन्वयक एवं ओम आश्रम के सचिव कपिल अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन में भारत सहित विभिन्न देशों के लगभग 200 अंतरराष्ट्रीय एवं भारतीय प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें प्रख्यात विद्वान, योग विशेषज्ञ, आयुर्वेदाचार्य, चिकित्सक एवं शोधकर्ता भारतीय प्राचीन ज्ञान-विज्ञान की आधुनिक समय में प्रासंगिकता पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन का आयोजन श्री विश्वदीप गुरुकुल स्वामी महेश्वरानंद आश्रम एवं रिसर्च सेंटर की ओर से किया जा रहा है। इसमें राजस्थान सरकार के आयुर्वेद विभाग, मुनि फेकल्टी, चेक गणराज्य, आयुर्वेद अकादमी ऑफ योग इन डेली लाइफ तथा भारतीय संस्कृति दर्शन ट्रस्ट पुणे का सहयोग रहेगा। इस आयोजन से राजस्थान में योग, आयुर्वेद एवं भारतीय पारंपरिक ज्ञान के प्रचार-प्रसार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

700 से अधिक योग केंद्रों के माध्यम से करेंगे प्रचार

ओम आश्रम की स्थापना महामंडलेश्वर स्वामी महेश्वरानंद ने की गई है। ॐ की आकृति में निर्मित यह आश्रम अपनी विशिष्ट वास्तुकला एवं आध्यात्मिक पहचान के कारण विश्वभर में आकर्षण का केंद्र है। स्वामी महेश्वरानंद द्वारा स्थापित 'योग इन डेली लाइफ' संगठन के विश्वभर में 700 से अधिक योग केंद्र संचालित हैं और एक लाख से अधिक विदेशी शिष्य एवं अनुयायी संगठन से जुड़े हुए हैं। संगठन योग, आयुर्वेद, अध्यात्म, विश्व शांति एवं भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कपिल अग्रवाल, सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन समन्वयक ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को वैश्विक मंच करना तथा योग एवं आयुर्वेद के माध्यम से संपूर्ण विश्व में स्वस्थ, संतुलित एवं सार्थक जीवन का संदेश देना है।

पाली पुलिस लाइन में तैनात कॉन्स्टेबल सस्पेंड

थिंक राजस्थान • पाली

पाली पुलिस लाइन में तैनात कॉन्स्टेबल अशोक कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। अशोक कुमार पर गंभीर आरोप लगे हैं। ऐसे में एसपी मोनिका सैन ने शुक्रवार को निलंबन के आदेश जारी किए। सस्पेंशन के दौरान कॉन्स्टेबल का मुख्यायलय पाली पुलिस लाइन ही रहेगा।

आदेश में लिखा है कि पाली पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल अशोक कुमार (1049) के खिलाफ लगे आरोप गंभीर है। इनकी विभागीय जांच और अपेक्षित कार्रवाई के चलते उन्हें निलंबित किया जाता है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय पाली पुलिस लाइन रहेगा। एसपी की आज्ञा के बिना वे मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। बता दें कि राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण एवं नियंत्रण एवं अपील) रूल्स 1958 एवं संशोधित नियम 1988 के नियम 13 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एसपी ने कॉन्स्टेबल को निलंबित किया। निलंबन काल के दौरान अशोक कुमार को जीवन निर्वाह भत्ता और राजस्थान सेवा नियमों के नियम 53 के प्रावधान के अनुरूप कॉन्स्टेबल को आधा वेतन और महंगाई भत्ता नियमों के अनुसार दिया जाएगा।

भैंस तलाशने के बहाने घर की रेकी की, खेत में आग लगाकर उलझाया, जेवर-नकदी चुराई

थिंक राजस्थान • जोधपुर

झंवर थाना क्षेत्र के मेहलावास गांव में चोरों ने चोरी के लिए बाकायदा साजिश रची। पहले भैंस गुम होने का बहाना बनाकर घर की रेकी की, फिर परिवार को बाहर निकालने के लिए घर से करीब 200 मीटर दूर खेत की मेड़ पर आग लगा दी। परिवार के सदस्य आग बुझाने पहुंचे तो एक युवक घर में घुस गया और अलमारी का ताला तोड़कर 5500 रुपए नकद व सोने के आभूषण चुरा लिए। इसी दौरान कमरे में पहुंची घर की महिला को आहट सुनाई दी। उन्होंने शोर मचाया और आरोपी पर लाठी से दो वार भी किए, लेकिन वह अपने साथी के साथ स्प्लेंडर बाइक पर भाग निकला। महिला ने आरोपी की पहचान नरपत पूनिया पुत्र चंदाराम निवासी रोहिचा कलां के रूप में की है। दूसरे आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है। झंवर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एसआई मनोज कुमार को सौंपी है।

दिनेश ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 10 नवंबर को शाम करीब 5 से 7 बजे के बीच एक युवक उसके घर के बाड़े में ताक-झांक कर रहा था। पूछने पर उसने भैंस गुम होने और उसे तलाशने की बात कही। उसने खुद को धवा की तरफ का रहने वाला बताया। इसके करीब एक घंटे बाद घर से लगभग 200 मीटर दूर खेत की मेड़ पर आग लगा दी गई। परिवार के सदस्य आग बुझाने पहुंचे तो एक युवक घर में घुस गया, जबकि उसका साथी स्प्लेंडर बाइक लेकर बाहर खड़ा रहा।

मां ने शोर मचाया, लाठी से किए दो वार

दिनेश की मां कमरे में पहुंचीं तो उन्हें अंदर से आहट सुनाई दी। शोर मचाने पर घर में घुसा युवक भागने लगा। महिला ने लाठी से उस पर दो वार किए, लेकिन वह बचकर निकल गया। महिला ने उसकी पहचान नरपत पूनिया निवासी रोहिचा कलां के रूप में की। आरोपी ने कमरे में रखी दो अलमारियों में से एक का ताला तोड़कर उसमें रखे 5500 रुपए नकद और सोने के आभूषण चुरा लिए थे। इसके बाद दोनों आरोपी बाइक से मेहलावास टांका की तरफ कालीजाल-सिनली रोड की ओर भाग गए।

छेड़छाड़ विवाद में फायरिंग व डंपर से हमले के दो आरोपी गिरफ्तार



थिंक राजस्थान • जोधपुर

पीपाड़ शहर थाना क्षेत्र के जाटियावास गांव में छात्राओं से छेड़छाड़ के उलाहने पर फायरिंग व डंपर चढ़ाकर जानलेवा हमला करने के मामले में डीएसटी ने दो नामजद आरोपियों को पाली से दस्तयाब किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर का डंपर भी जब्त कर लिया है।

जाटियावास निवासी महिपाल ने रिपोर्ट दी थी कि क्षेत्र के रवि, भजनलाल उर्फ रोहित, कालू उर्फ सुरेंद्र, सोनू, अरविंद व खेड़ी ढाणी निवासी विष्णु सहित अन्य आरोपी गांव की छात्राओं का स्कूल आते-जाते समय पीछा कर अभद्र टिप्पणियां करते थे। इसका उलाहना देने पर 11 नवंबर को बुचकला गौशाला के पास आरोपियों ने महिपाल से मारपीट की। परिवादी का आरोप है कि इसके बाद आरोपी बिना नंबर का डंपर लेकर उसके मोहल्ले पहुंचे और अवैध हथियार लहराते हुए हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई। आरोपियों ने परिवादी व परिजनों पर डंपर चढ़ाने का प्रयास भी किया।

सिरोही में खंडेलवाल समाज ने दीपावली स्नेह मिलन मनाया





थिंक राजस्थान • सिरोही

सिरोही में खंडेलवाल सेवा संघ ने पंचम दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें सिरोही और आसपास के इलाकों से समाज के लोग, महिलाएं, युवा, बच्चे और वरिष्ठजन शामिल हुए। सेवा संघ के लोकेश खंडेलवाल के अनुसार दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें खंडेलवाल समाज महासंघ के अध्यक्ष भगवती प्रसाद नाटाणी, जीवराज कायथवाल, पुरुषोत्तम खूंटेटा, नटवर कुलवाल और राजू कालंद्री मौजूद रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों और समाज के लोगों ने दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने समाज की एकता और मेलजोल मजबूत करने की बात कही। महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने गीत-संगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। अलग-अलग उम्र के लोगों के लिए खेल प्रतियोगिताएं और मनोरंजक गतिविधियां भी रखी गईं। विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। खेलों और पारिवारिक गतिविधियों का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर जोड़ना और बच्चों व युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देना था। महिलाओं और वरिष्ठजनों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

'इसी कुर्सी पर निपटा दूंगा, जो करना है कर ले': नर्सिंग ऑफिसर ने डॉक्टर को धमकाया; CMHO ने जांच के लिए कमेटी बनाई

थिंक राजस्थान • जालोर

जालोर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) में नर्सिंग ऑफिसर के चिकित्सा अधिकारी को धमकाने का मामला सामने आया है। चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार मीणा (30) ने आरोपी नर्सिंग ऑफिसर सुरेश कुमार परिहार (45) का फ्री सरकारी दवाओं के बदले पैसे लेने और निजी क्लिनिक चलाने का विरोध किया था। इसपर आरोपी ने डॉक्टर को धमकी दी। घटना का वीडियो सामने आया है।

घटना जालोर के बागोड़ा थाना क्षेत्र में जुनी बाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) में गुरुवार (12 नवंबर) दोपहर 1 बजे की है। वीडियो में नर्सिंग ऑफिसर कहते सुनाई दे रहा है - 'इसी कुर्सी पर निपटा दूंगा, जो करना है कर ले, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।' महिला स्टाफ ने भी नर्सिंग ऑफिसर पर अभद्रता और छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामला उजागर होने के बाद आरोपी नर्सिंग ऑफिसर को APO कर दिया गया है।

CMHO ने मामले की जांच के लिए 3 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है, जो 3 दिन में रिपोर्ट देगी। कमेटी में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार बाजीया, सायला ब्लॉक के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष जोशी और CMHO ऑफिस के सीनियर असिस्टेंट भगवत सिंह



शामिल है। बागोड़ा थानाधिकारी बलदेव राम ने बताया- मैं चुनाव ड्यूटी पर हूं। थाने में रिपोर्ट दी गई है। मामला दर्ज करने के बाद इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। डॉ. अनिल कुमार मीणा ने 12 नवंबर को बागोड़ा थाने में परिवाद देकर आरोप लगाया कि नर्सिंग ऑफिसर हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं में हस्तक्षेप करते हैं। मरीजों को निशुल्क मिलने वाली सरकारी दवाइयों के बदले पैसे लेते हैं, ड्यूटी से गायब रहते हैं और अस्पताल के सामने निजी क्लिनिक चलाते हैं। डॉ. मीणा के अनुसार, इन हरकतों का विरोध करने पर उन्हें धमकी दी गई। डॉक्टर और नर्सिंग ऑफिसर के बीच बातचीत का वीडियो सामने आया है। इसमें नर्सिंग ऑफिसर हाथ उठाकर डॉक्टर से अभद्रता करता और धमकी देता नजर आ रहा है। डॉ. मीणा अगस्त 2025 से यहां कार्यरत हैं, जबकि आरोपी 8 साल से यहां काम कर रहा है। लैब असिस्टेंट श्रवण कुमार ने भी धमकाने की शिकायत की है। डॉक्टर्स वेलफेयर फेडरेशन(DWF) राजस्थान के स्टेट प्रेसिडेंट डॉ. विकास बमानिया ने कहा- चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी विषम परिस्थितियों में भी अपनी सेवाएं देते हैं। ऐसे में उनके साथ धमकी, अभद्रता और अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

सूर्य उपासना और संतान के कल्याण से जुड़े महापर्व की शुरुआत

नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ व्रत....4 दिन तक चलने वाले इस पर्व का खरना संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य की परंपरा के साथ किया जाएगा समापन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

शुक्रवार से छठ पर्व की शुरुआत हो गई है। इसका धार्मिक महत्व सूर्य उपासना और संतान के कल्याण से जुड़ा है। कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को इस पर्व का मुख्य अनुष्ठान किया जाता है। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश से जुड़ी यह परंपरा अब देश के दूसरे हिस्सों तक पहुंच चुकी है। 4 दिन तक चलने वाले इस पर्व में नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य की परंपरा निभाई जाती है। मान्यता है कि सूर्य -छठी मैया की आराधना से संतान को आरोग्य, लंबी उम्र और जीवन में सफलता का आशीर्वाद मिलता है।

सात्विक भोजन की परंपरा

व्रत रखने वाली महिलाएं सुबह स्नान करने के बाद घर की साफ-सफाई करती हैं और सात्विक भोजन पकाया जाता है। इस दिन महिलाएं भोजन में मुख्य रूप से चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी बनाती है।



पटना में सूर्यदेव की आराधना करतीं व्रती महिलाएं

छठ पूजा का महत्व

कार्तिक महीने में सूर्य की विशेष पूजा करने से आरोग्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस दिन व्रती भोजन करने के बाद छठ पूजा के कठिन नियमों का पालन करते हैं।नहाय-खाय के अगले दिन खरना होता है, पूरे दिन उपवास रखने के बाद शाम को गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण किया जाता है। इसके बाद लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है।

यमुना नदी में मछलियां मरने से हड़कंप

आप ने किया बवाल तो भाजपा ने पलटवार

दिल्ली में यमुना के पानी में बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां मिलने से हड़कंप मच गया है। आप का दावा है पानी को साफ दिखाने के लिए उसमें केमिकल डाले गए हैं।सौरभ भारद्वाज ने सरकार से सीसीटीवी फुटेज जारी करने की मांग की है। दिल्ली सरकार में जल मंत्री और भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है।

5,000 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

दिल्ली में छठ पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाएगी और इसके लिए 5,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। यमुना घाटों, तालाबों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी।

मुंबई में राज ठाकरे ने गानों पर उठाए सवाल



मुंबई। छठ पूजा और रेलवे स्टेशनों पर भोजपुरी गाने बजाने के विवाद को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। राज ने आरोप लगाया भाजपा पूजा के नाम पर मराठी और उत्तर भारतीयों के बीच टकराव और तनाव पैदा करने की कोशिश कर रही है। ऐसी रील्स फैलाई जा रही हैं, जिनमें पूजा-पाठ को घुसपैठ को दिखाया जा रहा है।

खबर संक्षेप

जाजपुर में बस-ट्रक की टक्कर,40 पर्यटक जख्मी

जाजपुर। ओडिशा के जाजपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर शुक्रवार को एक खड़े ट्रक से एक



बस के टकराने से पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के करीब 40 पर्यटक घायल हो गए जिनमें से 2 की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा प्रातः करीब छह बजे बडचना ओवरब्रिज के पास हुआ।

रामपुर के पूर्व मंत्री का भाजपा से इस्तीफा

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। पूर्व मंत्री एवं रामपुर



के पूर्व विधायक सिंघी राम ने भाजपा को अलविदा कह दिया है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल को अपना इस्तीफा भेज दिया है। भाजपा में खुद को सहज महसूस नहीं करने की बात कहते हुए अलग होने का निर्णय लिया है।

महादेव सट्टा एपः चंद्राकर 19 तक रिमांड पर

रायपुर। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को पीएमएलए स्पेशल



कोर्ट ने 19 नवंबर तक ईडी की रिमांड पर सौंप दिया है। शुक्रवार को उसे प्रोडक्शन वारंट पर हथकड़ी लगाकर रायपुर सेंट्रल जेल से कोर्ट लाया गया था। बहस के बाद कोर्ट ने ईडी के पक्ष में फैसला सुनाया। 7 दिन की ईडी रिमांड पर भेजा है।

जेईई एडवांस्ड 2027 परीक्षा की तिथि घोषित

नई दिल्ली। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजीदिल्ली ने जेईई एडवांस्ड 2027 की परीक्षा तारीख

घोषित कर दी है। इस साल परीक्षा का आयोजन 23 मई 2027 को किया जाएगा। आईआईटी दिल्ली परीक्षा की आयोजन संस्था है। उम्मीदवार पोर्टल पर शर्तों और घोषणाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

मैसूरु में देश के पहले एलईडी तारामंडल 'कॉसमॉस-मैसूरु' का लोकार्पण, बोले- भारत में विज्ञान और आध्यात्मिकता की परंपराएं हमेशा साथ-साथ आगे बढ़ी हैं

अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी से युवाओं के लिए खुलेंगे नए अवसर : पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोलकर युवाओं और नवउद्यमियों के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं। आज देश के युवा उद्यमी अपने रॉकेट तैयार कर रहे हैं, उपग्रहों को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर रहे हैं और ऐसे नए प्रयोग कर रहे हैं, जो इससे पहले भारत में कभी नहीं किए गए थे। इससे भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री शुक्रवार को कर्नाटक के मैसूरु में चामुंडी पहाड़ियों की तलहटी में स्थित जयचामराजा वाडियार सेंटर फॉर हायर लर्निंग में देश को 'कॉसमॉस-मैसूरु' समर्पित करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह भारत का पहला एलईडी तारामंडल और दुनिया का पहला झुके हुए गुंबद वाला एलईडी तारामंडल बताया गया है। इस अत्याधुनिक सुविधा से दर्शकों को अंतरिक्ष, ग्रहों, तारों और खगोलीय घटनाओं का जीवंत एवं आधुनिक दृश्य अनुभव प्राप्त होगा।

विज्ञान और आध्यात्मिकता भारत की साझा विरासतः प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में विज्ञान और आध्यात्मिकता की परंपराएं हमेशा एक साथ विकसित हुई हैं। आध्यात्मिकता हमें अपने भीतर झांकने की प्रेरणा देती है, जबकि ब्रह्मांड का अध्ययन हमें आकाश और उससे परे फैले अनंत संसार को समझने के लिए प्रेरित करता है। भारत की सभ्यता में इन दोनों दृष्टिकोणों का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्वजों ने हजारों वर्ष पहले ही आकाश का गहन अध्ययन शुरू कर दिया था। उन्होंने तारों और ग्रहों की गति को समझा तथा उनके आधार पर पंचांगों की रचना की।



प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम केवल अंतरिक्ष में नई उपलब्धियां हासिल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मूल उद्देश्य आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाना और समाज के कल्याण में योगदान देना भी है। उन्होंने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मछुआरों की सुरक्षा के लिए विशेष उपग्रह आधारित प्रणाली विकसित की है। समुद्र में मछली पकड़ने जाने वाले मछुआरों को सुरक्षित दिशा-निर्देश और नौवहन संबंधी सहायता मिलती है। इससे उन्हें समुद्र में रास्ता खोजने और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने में मदद मिलती है। इसी प्रकार उपग्रह आधारित तकनीक का इस्तेमाल प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत बनाने में भी किया जा रहा है। इससे संभावित आपदाओं की जानकारी समय रहते उपलब्ध कराने और जन-धन की हानि कम करने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री ने संकेत दिया कि अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक तकनीक का वास्तविक महत्व तभी है, जब उसका लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। भारत इसी सोच के साथ अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है।

ग्रहों की घटनाओं की गणना करने में सफलता हासिल की

सूर्य और चंद्र ग्रहण की घटनाओं के समय की सटीक गणना करने में भी प्राचीन भारतीय विद्वानों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की थी। प्रधानमंत्री ने महान खगोलशास्त्रियों और विचारकों आर्यभट्ट तथा वराहमिहिर का उल्लेख करते हुए कहा कि इन विद्वानों ने आधुनिक तकनीक और उपकरणों के अभाव में भी खगोल विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण खोजें कीं और अत्यंत जटिल गणनाएं कीं। यह भारत की समृद्ध वैज्ञानिक विरासत और ज्ञान परंपरा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक विज्ञान और अनुसंधान के साथ जोड़कर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

क्या है कॉसमॉस-मैसूरु की खासियत?

कॉसमॉस-मैसूरु का निर्माण भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान ने किया है। इसे खगोल विज्ञान की शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण के एक आधुनिक केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। यह मैसूरु विश्वविद्यालय के जयचामराजेंद्र परिसर में स्थित है। इस तारामंडल की सबसे बड़ी विशेषता इसका 15 मीटर का झुका हुआ एलईडी गुंबद है, जिसमें लगभग 6,150 पैनल और 4.2 करोड़ व्यक्तिगत एलईडी लगे हैं। पारंपरिक तारामंडलों में प्रोजेक्टर के माध्यम से गुंबद पर तस्वीरें और वीडियो दिखाए जाते हैं, जबकि यहां पूरा गुंबद ही एलईडी स्क्रीन के रूप में काम करता है। इस अत्याधुनिक व्यवस्था के कारण गुंबद पर उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें, वीडियो और खगोलीय घटनाओं के दृश्य सीधे प्रदर्शित किए जा सकते हैं। इससे दर्शकों को ऐसा अनुभव मिलेगा, मानो वे स्वयं अंतरिक्ष के भीतर मौजूद हों। एलईडी तकनीक से वास्तविक समय में दृश्य और आंकड़े प्रदर्शित करने की भी सुविधा होगी। स्काई थिएटर में खगोल विज्ञान पर विशेष कार्यक्रम दिखाए जाएंगे। मैसूरु के इतिहास और खगोल विज्ञान के आपसी संबंधों पर आधारित एक विशेष फिल्म भी प्रदर्शित की जाएगी। कार्यक्रम कन्नड़, अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में उपलब्ध होंगे। इस केंद्र में प्रदर्शनी हॉल, खगोल विज्ञान संग्रहालय, वैज्ञानिक मॉडल एवं कलाकृतियां, व्याख्यान कक्ष, प्रशिक्षण केंद्र और विद्यार्थियों के लिए संवादात्मक विज्ञान प्रदर्शनियां भी होंगी।



प्रधानमंत्री ने कर्नाटक को दी 15,000 रुपए करोड़ के प्रोजेक्ट की सौगात

मध्यम वर्ग को सुदृढ़ बनाया जा रहा,ये बिजली उत्पादक बन रहे



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बेंगलुरु में कनेक्टिविटी और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी 15,000 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ये परियोजनाएं कर्नाटक की विकास यात्रा को नई गति देंगी और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यपाल सुधा यादव का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके पति ने कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था। उसके बाद मां भारती की सेवा का प्रण निभाया। सेवाभाव से काम कर रहीं।

मध्यम वर्ग को किया जा रहा मजबूत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि बंगलूरू की बड़ी नव-मध्यम वर्गीय आबादी के हित भी केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। सरकार मध्यम वर्गीय परिवारों की बचत बढ़ाने और उनके हाथों में अधिक पैसा पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता अब 300 गीगावाट को पार कर गई है। नागरिक अब सिर्फ बिजली के उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक भी बन रहे हैं।

'प्रशांत कुटीरम' योग भारत के ज्ञान का प्रवेश द्वार

प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने 'प्रशांत कुटीरम' के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की धरती सदियों से योग का केंद्र रही है। योग से जुड़े कितने ही आचार्यों और विद्वानों ने यहां जन्म लिया है और योग की परंपरा को समृद्ध भी किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे योग की असाधारण ऊर्जा का अनुभव करने का अवसर मिला है।

बागपत के दोघट में 2 पक्षों में बवाल

पुलिस पर पथराव, 12 घायल 54 पर रिपोर्ट और 18 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ बागपत

दोघट कस्बे की पट्टी तिरोसिया में शराब के नशे में कहासुनी होने पर अनुज कश्यप और सावन कश्यप पक्ष आपस में भिड़ गए। इनमें लाठी-डंडे, धारदार हथियार चले और पथराव हो गया। लोगों ने घरों में घुसकर जान बचाई। पुलिसकर्मियों ने मामला शांत कराने का प्रयास किया तो उन पर भी पथराव किया गया। 3महिलाओं समेत 12 लोग घायल हो गए। 34 नामजद और 20 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर 18 को गिरफ्तार कर लिया।



पुराने विवाद पर फिर उलझे

पट्टी तिरोसिया निवासी अनुज और सावन पक्ष में 10 दिन पहले झगड़ा हो गया था, जिसे लोगों ने शांत करा दिया था। बुधवार रात अनुज दुकान से घर जा रहा था। रास्ते में सावन के साथ पुराने झगड़े को लेकर कहासुनी हो गई।

सीएम विजय की सुरक्षा में बड़ी कमी

पुलिस का घेरा तोड़ मुख्यमंत्री तक पहुंचा 'अज्ञात' गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय की सुरक्षा में शुक्रवार को बड़ी कमी सामने आई, जब चेन्नई के कोलाथुर में उनके अचानक किए गए रोड वॉक के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति सुरक्षा घेरा तोड़कर तेजी उनकी तरफ बढ़ने लगा। मुख्यमंत्री के आसपास मौजूद सुरक्षाकर्मियों में कुछ पल के लिए अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा में तैनात जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उस व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



वह रोड वॉक में घुसा

विजय काफिले से नीचे उतरे और लोगों के बीच रोड वॉक करने लगे। विजय के साथ मंत्री के जगदेश्वरी भी चल रही थीं। इसी बीच अज्ञात व्यक्ति भीड़ से निकलकर मंत्री के पास से तेजी से आगे बढ़ा और मंत्री की ओर बढ़ने लगा।

प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास की मिलेगी झलक

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला आज से 27 तक चलेगा

विकास और विरासत के रंग में रंगा हरियाणा पवेलियन, प्रदर्शनी लगेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली के भारत मंडपम में 14 से 27 नवंबर तक चल रहे भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ)-2026 में



हरियाणा पवेलियन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। विकास और विरासत के थीम पर सजाए गए हरियाणा पवेलियन में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। पवेलियन में हरियाणा की संस्कृति के साथ-साथ प्रदेश में तेजी से हो रहे विकास की झलक देखने को मिलेगी। पवेलियन के भीतर विशाल खुले आंगन के चारों ओर प्रदर्शनी क्षेत्र विकसित किया गया है। पवेलियन की विशेष पहचान पारंपरिक हरियाणवी ग्रामीण परिवेश में बनी इस चौपाल में गांव की झलक देखने को मिलेगी।

एआई और एआर सेल्फी बूथ, इंटरैक्टिव क्विज से जुड़ रहे आगंतुक

ट्रेड फेयर अथारिटी आफ हरियाणा के सीनियर मैनेजर अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि तकनीक को पवेलियन की प्रस्तुति का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है। डिजिटल स्क्रीनर और एलईडी दीवारों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश की उपलब्धियों को दर्शाया जा रहा है। कायनेटिक इन्फॉर्मेशन वॉल हरियाणा की विकास गाथा को गतिशील दृश्य रूप में प्रस्तुत करती है। आगंतुकों के लिए एआई आधारित सेल्फी बूथ और एआर आधारित सेल्फी बूथ भी लगाए गए हैं, जहां वे अपना अनुभव यादगार बना सकते हैं। इंटरैक्टिव डिजिटल क्विज के माध्यम से लोग हरियाणा के इतिहास, संस्कृति, उपलब्धियों और विकास के बारे में रोचक जानकारी हासिल कर सकते हैं।

भारतीय मौसम विभाग ने फिर जारी की चेतावनी

सभी लोग हो जाएं सावधान

अब एक और चक्रवाती तूफान आ रहा, कई राज्यों में होगी भारी बारिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

15 से 19 नवंबर के बीच कई राज्यों में बारिश होगी

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके 14 नवंबर को एक कम दाब के क्षेत्र और 15 नवंबर को डिप्रेशन में बदलने की संभावना है। इसके बाद, उत्तर पश्चिम दिशा की ओर बढ़ेगा और 16 नवंबर की शाम के आसपास मध्य बंगाल के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। यह तीसरा चक्रवाती तूफान होगा। कई राज्यों में भारी बारिश और तूफान की आशंका है।



तूफान से आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा जैसे राज्यों में भारी बारिश होगी। 15 नवंबर और 16-19 नवंबर के बीच तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, 19 नवंबर तक लक्षद्वीप, 14-19 नवंबर के बीच तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा में बारिश होगी।

ओडिशा ने सतर्क किया

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने 16 नवंबर को शाम में बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती तूफान उठने के मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के बाद शुक्रवार को राज्य के तटीय और दक्षिणी हिस्सों के जिलाधिकारियों को सतर्क किया है।

महाराष्ट्र में एनसीपी के दोनों गुटों के विलय पर सियासत गरम

सुनेत्रा के घर पर एनसीपी विधायकों ने की मंत्रणा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के विलय को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हैं। इसी बीच उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के पुणे स्थित आवास पर पार्टी के कई विधायकों की मुलाकात हुई। इस बैठक के बाद महाराष्ट्र सरकार के मंत्री दत्तात्रय भरणे ने विलय की अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने साफ कहा कि विधायकों की मुलाकात का मकसद राजनीतिक चर्चा करना नहीं, बल्कि अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में सूखे की स्थिति और उससे निपटने के उपायों पर बात करना था।

सरकार के मंत्री दत्तात्रय भरणे ने विलय की अटकलों को खारिज किया

अन्य मुद्दों पर बैठक में की चर्चाः पार्टी के मंत्री

भरणे ने सुनेत्रा के आवास 'जिजाई' पर हुई मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एनसीपी की ओर से विलय को लेकर कोई बैठक नहीं बुलाई गई थी। कुछ विधायक पुणे में मौजूद थे और उन्होंने सुनेत्रा से मुलाकात की। इस दौरान मुख्य रूप से सूखे के कारण पैदा हुई समस्याओं, किसानों की जरूरतों और विधानसभा क्षेत्रों में किए जाने वाले जरूरी कामों पर चर्चा हुई।



सुनेत्रा पवार

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी के विधायकों में किसी तरह की नाराजगी नहीं है और सभी सुनेत्रा के नेतृत्व के साथ खड़े हैं।

सुले ने विलय को किया खारिज

राजनीति में राकांपा के दोनों गुटों के विलय की अटकलों के बीच सुप्रिया सुले ने विलय की संभावनाओं को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा यह अध्याय उनके भाई अजित पवार के निधन के साथ ही समाप्त हो गया था। एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुले ने कहा कि विलय के लिए किसी ने संपर्क नहीं किया है।



इनकार के बावजूद राजनीति में हलचल

अजित के निधन के बाद एनसीपी अध्यक्ष और महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री बनीं सुनेत्रा पवार ने बारामती में विलय की अटकलों पर सीधे जवाब देने से बचते हुए कहा था कि समय आने पर सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। सुप्रिया के इनकार के बावजूद महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल जारी है।



'आवारा पागल दीवाना 2' की शूटिंग जल्द होगी शुरू

मुंबई। साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'आवारा पागल दीवाना' का सीक्वल बनने जा रहा है। अभिनेता सुनील शेट्टी ने फैंस को यह खुशखबरी दी है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। उन्होंने कहा, 'फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है, इस पर काम जारी है। उन्होंने कहा, 'मैंने बॉर्डर 2 में भी काम किया है। मैं उसमें सिर्फ एक सीन में था, लेकिन मैं इसे एक सफलता मानता हूं क्योंकि आखिरकार यह हमारी फ्रेंचाइज बन गई है। जिस तरह से चीजें आगे बढ़ रही हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं।

लाइफ Style

श्रुति

अपनी पसंद छिपाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए

एजेंसी : नई दिल्ली

अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी फिल्मों के साथ-साथ बेबाक अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। वह अक्सर अपनी निजी जिंदगी और पसंद-नापसंद पर खुलकर बात करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी और शराब पीने की आदत को लेकर कुछ ऐसे खुलासे किए हैं, जिनकी चर्चा हो रही है।

अभिनेत्री ने साफ कहा कि उन्हें अपने कॉस्मेटिक प्रोसीजर के बारे में छिपाने या झूठ बोलने की कोई जरूरत महसूस नहीं होती। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह लगातार आठ साल तक शराब से पूरी तरह दूर रही थीं। हालांकि, बाद में उन्होंने दोबारा शराब पीना शुरू कर दिया। श्रुति ने ये बातें नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो 'डबल डेट' में बातचीत के दौरान साझा कीं। शो में बातचीत के दौरान श्रुति हासन ने कॉस्मेटिक प्रोसीजर को लेकर अपनी सोच स्पष्ट की। उनका मानना है कि हर व्यक्ति को अपने शरीर के बारे में फैसले लेने की पूरी आजादी होनी चाहिए। अगर कोई अपनी पसंद से कॉस्मेटिक सर्जरी या किसी दूसरे प्रोसीजर का सहारा लेता है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। हालांकि, उन्हें यह समझ नहीं आता कि लोग इसके बारे में सच बताने से क्यों बचते हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं इन चीजों के बारे में बहुत सोच-समझकर बात करती हूं, लेकिन मैं लोगों के सामने बड़ी हुई हूं और ऐसे में इस बारे में झूठ बोलना बेवकूफी होगी।' उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोग अपने लुक में बदलाव के बावजूद दावा करते हैं कि वे हमेशा से ऐसे ही दिखते थे। श्रुति के मुताबिक जब बदलाव साफ नजर आ रहा हो तो इस तरह की बातें करना अजीब लगता है।



हॉलीवुड मसाला



फ्रेंच फिल्म अकादमी देगी 'मानद सीजर अवार्ड'

लॉस एंजिल्स। फ्रेंच अकादमी ने गुरुवार को घोषणा की कि हॉलीवुड स्टार निकोल किडमैन को 52वें सीजर अवार्ड समारोह में 'मानद सीजर अवार्ड' दिया जाएगा। फ्रेंच अकादमी ने बताया कि 'बिग लिटिल लाइज' की अभिनेत्री को यह सम्मान 25 फरवरी, 2027 को होने वाले समारोह में दिया जाएगा। फ्रांस की राष्ट्रीय फिल्म अकादमी की तरफ से सिनेमा जगत में आजीवन उपलब्धियों और योगदान के लिए दिया जाने वाला एक मशहूर अवॉर्ड है।



स्केरी पिक्चर का पहला लुक आया सामने

मुंबई। अभिनेता-निर्माता राणा दग्गुबाती ने आगामी हॉरर फिल्म 'स्केरी पिक्चर' का पहला लुक सामने आया है। फिल्म में कंगना रनौत मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म हॉरर कहानी पर आधारित होगी। फिल्म 'स्केरी पिक्चर' पर राणा दग्गुबाती ने एक बातचीत में कहा, 'स्केरी पिक्चर से शुरू करते हुए, हमारा लक्ष्य इस शैली से प्यार करने वाले फिल्म निर्माताओं के लिए निरंतर निर्माण सहायता और रिलीज के अवसर उपलब्ध कराना है। भारत हर शैली में विविधतापूर्ण है, और हॉरर भी इससे अलग नहीं है। हर क्षेत्र के अपने भय, अपनी कहानियां और उन्हें बताने के अपने तरीके हैं। हम हर उपशैली के लिए खुले हैं। मनोवैज्ञानिक, जीव-जंतु, हॉरर-कॉमेडी, सामाजिक हॉरर, या फिल्म निर्माता हमारे सामने जो भी नई कहानियां लेकर आएं।' फिल्म 'स्केरी पिक्चर' का निर्देशन रवि बाबू ने किया है।



कोमल ने शेयर कीं गोविंदा संग तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा पिछले काफी समय से अपनी फिल्मों से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। पत्नी सुनीता आहूजा के साथ उनके रिश्ते और फिल्म 'रूपा' की को-स्टार कोमल रानी स्वर्णकार के साथ उनकी नजदीकियों को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच अब रानी ने सोशल मीडिया पर गोविंदा के साथ 'रूपा' की कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें दोनों की नजदीकियां एक बार फिर लोगों का ध्यान खींच रही हैं। इन तस्वीरों में कहीं गोविंदा अभिनेत्री का हाथ थामे नजर आ रहे हैं, तो किसी में वह एक-दूसरे को देखते हुए पोज दे रहे हैं। रानी स्वर्णकार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'रूपा की सुंदर झलकियां।' बता दें कि तस्वीरों में गोविंदा व्हाइट ब्लेजर, काली पैंट और सनग्लासेस पहने नजर आ रहे हैं।



मैदान के बाद अब पर्दे पर दिखेंगे फुटबॉलर

लॉस एंजिल्स। दुनियाभर में अपना लोहा मनवा चुके पुर्तगाल के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब एक नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। फुटबॉल के मैदान पर अपने शानदार खेल से करोड़ों लोगों का दिल जीतने वाले रोनाल्डो अब टीवी की दुनिया में भी नजर आएंगे। उन्होंने अपनी पहली टीवी सीरीज 'डे 1s' का ऐलान कर दिया है। खास बात यह है कि इस सीरीज में फुटबॉल की भी अहम भूमिका होगी। रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सीरीज की शूटिंग शुरू हो चुकी है। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ब्रिटिश प्रोड्यूसर और डायरेक्टर मैथ्यू वॉन के साथ एक तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने लिखा कि खुशखबरी! मेरी पहली टीवी सीरीज 'डे 1s' की शूटिंग शुरू हो गई है।

टीवी मसाला



बिग बी ने की 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर वापसी

नई दिल्ली। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन एक बार फिर अपने काम पर लौट आए हैं। पिछले महीने डॉक्टरों की सलाह पर आराम करने के लिए उन्होंने काम और सोशल मीडिया से कुछ समय का ब्रेक लिया था। इस दौरान उनकी सेहत को लेकर फैंस के बीच चिंता भी देखने को मिली। अब बिग बी ने लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के सेट पर वापसी कर ली है। शो के नए प्रोमो में उनकी झलक सामने आई है, जिसमें वह अपने चाहने वालों का शुक्रिया अदा करते हुए नजर आ रहे हैं। बिग बी कहते हैं, 'उम्मीद है कि आप सबकी दिवाली बड़ी ही शानदार रही होगी। हमने भी अपनों के साथ दिवाली मनाई, लेकिन... और एक और घर भी तो है। केबीसी का यह मंच।' इसके बाद वह शो को अपना दूसरा परिवार बताते हैं। प्रोमो में हॉट सीट पर बैठे एक कंटेस्टेंट अमिताभ बच्चन से उनकी तबीयत के बारे में पूछते हैं। इस पर बिग बी अपने चिर-परिचित अंदाज में पहले कंटेस्टेंट का हालचाल पूछते हैं। जब कंटेस्टेंट बताता है कि वह ठीक है, तो अमिताभ मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'अगर आप ठीक हैं, तो हम भी ठीक हैं।'

आम्रपाली ने लव को जमकर फटकारा



नई दिल्ली। बीते दिनों 'बिग बॉस 20' में स्कॉउट ओपी और यंग डीएसए के बीच तगड़ा विवाद हुआ। इसके बाद लव गिल से किया मजाक स्काउट पर भारी पड़ा। इससे ओपी काफी आहत हैं। गेमर की यह हालत देखकर आम्रपाली दुबे और डीएसए ने लव पर कई आरोप लगाए, जिससे लव और आम्रापाली के बीच तीखी बहस हुई। 'बिग बॉस 20' के हालिया प्रोमो में स्कॉउट ओपी ने लव से हुए विवाद के बाद अपने सिर के बाद शेव कर दिए थे। इसके साथ ही वह भावनात्मक रूप से काफी टूट गए। उनकी यह हालत देख आम्रपाली दुबे और डीएसए ने इस सब का जिम्मेदार लव गिल को ठहराया। आम्रपाली ने लव से कहा कि वह स्काउट ओपी को पागल कर देंगी।

छठी मईया सुन ली से उठऊ सूरज देव तक, इन गानों के बिना अधूरा है छठ पर्व

नई दिल्ली। बिहार के साथ अब लगभग पूरे देश में छठ पूजा की जाती है। इस पावन अवसर पर हर तरफ छठी मैया के गाने गूंजते हैं। इस पर्व की अहमियत को देखते हुए बॉलीवुड ने भी गाने बनाने शुरू कर दिए हैं। हाल ही में दो फिल्मों में इसके गाने आए हैं।



बुलाए छठी मां- ये प्रेम मोल लिया

इस गाने में छठ पर्व के शानदार विजुअल दिखाए गए हैं। इसे आयुष्मा खुराना और शरवरी वाघ पर फिल्माया गया है। इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। गाने को श्रेया घोषाल और केशव आनंद ने अपनी बेहतरीन आवाज दी है। इसे हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। इसे विशाल मिश्रा ने आवाज दी है।

छठ मईया की महिमा- द वन

सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पर फिल्माया गया यह गाना काफी लोकप्रिय हुआ। इसमें छठ पूजा की छलक मिलती है। गाने के बोल कौशल किशोर ने लिखे हैं।

पहिले पहिल हम कईनी छठी मईया बरत तुहार

शारदा सिन्हा छठ के गानों के लिए काफी मशहूर हैं। यह गाना उन्होंने ही गाना है। गाने में एक ऐसे जोड़े की कहानी दिखाई गई है।

बाल दिवस सेलिब्रेशन के लिए बेस्ट हैं बॉलीवुड के ये मशहूर गाने

नई दिल्ली। छोटा बच्चा जान के न कोई आंख दिखाना रे से लेकर लकड़ी की काठी तक ऐसे कई गाने हैं, जिन्हें सुनते ही बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं।

नन्हें मुन्ने बच्चे तेरी मुट्ठी में क्या है: साल 1954 में आयी फिल्म 'बूट पॉलिश' के इस गाने को आशा भोंसले और मोहम्मद रफी ने गाया है। जो एक भाई-बहन के संघर्ष और उसके बाद मिली खुशियों पर आधारित है। बाल दिवस के मौके पर इस गाने को स्कूल, कॉलेज में जरूर प्ले किया जाता है।

लकड़ी की काठी : बहुत ही मशहूर गाना है लकड़ी की काठी, काठी पे घोड़ा, जो 1983 में आई 'मासूम' फिल्म का गाना है। जिसमें उर्मिला मातोंडकर और जुगल हंसराज बाल किरदार में हैं। इस गाने को गौरी बापत, गुरप्रीत कौर और वनिता मिश्रा ने गाया है। आज भी ये गाना बच्चों के पसंदीदा गानों में से एक है।



जिद्दी पिद्दी : बच्चे एक होकर क्या नहीं कर सकते, इस गाने में यही दिखाया गया है। बहुत ही एंटरटेनिंग और इंस्पायरिंग मूवी थी ये। इस गाने में बच्चे अंडरवियर पहनकर एक मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं जो उनके सोसायटी के पालतू कुत्ते को मारना चाहता है। जिसमें अरमान मलिक, अमित त्रिवेदी, तन्मय चौधरी, गौरिका राय ने अपनी आवाज दी है।

तारे जमीन पर: बच्चों पर आधारित बहुत ही खूबसूरत फिल्म है जिसमें आमिर खान लीड एक्टर थे। साल 2008 में आई इस फिल्म की टैग लाइन ही थी कि हर एक बच्चा खास होता है। शंकर महादेवन की आवाज में बहुत ही खूबसूरत गाना है तारे जमीन पर।

सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का ही जरिया नहीं, बल्कि देती है सीख भी

वो छह फिल्में जो बच्चों को सिखाती हैं जीवन का पाठ

नई दिल्ली। आज देशभर में बाल दिवस मनाया जा रहा है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को 'बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। हर कोई अलग-अलग अंदाज में इस खास दिन को सेलिब्रेट कर रहा है। मगर, सिनेमा का अपना अलग रंग होता है। यह सिर्फ मनोरंजन का ही जरिया नहीं, बल्कि आसपास के परिवेश की सीख भी यहां से मिलती है। यूं भी बच्चे देखकर बेहतर तरीके से समझते हैं। अगर आज के दिन बच्चों को कोई फिल्म दिखाने के बारे में सोच रहे हैं, तो ये फिल्में बेहतर विकल्प हो सकती हैं।



मासूम

वर्ष 1983 में आई यह फिल्म दर्शकों के बीच खूब पसंद की गई। यह बच्चों से संबंधित भावुक कर देने वाले विषय पर आधारित है। यह गोद लिए बच्चों की समस्याओं पर बनी है। इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, शबाना आजमी, सुप्रिया पाठक और जुगल हंसराज मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का मशहूर गाना 'लकड़ी की काठी' आज भी बच्चों को काफी पसंद आता है।



तारे जमीं पर

वर्ष 2007 में रिलीज हुई यह फिल्म सिर्फ बच्चों को ही नहीं, बल्कि पेरेंट्स को भी जरूर देखनी चाहिए। अगर आपने अब तक न देखी हो तो आज अपने बच्चों के साथ बैठकर इस फिल्म को देख सकते हैं। आमिर खान अभिनीत इस फिल्म में दिखाया गया है कि हर बच्चा अपने आप में खास है। फिल्म के कुछ दृश्य आपको भावुक कर देंगे और आखिर में एक सीख देंगे।




आई एम कलाम

नीला माधब पांडा के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने भी दर्शकों की खूब तारीफ बटोरी। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि यह राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम दर्ज कर चुकी है। बच्चों को प्रेरित करने के लिहाज से यह एक बेहतरीन फिल्म है। 2011 में आई इस फिल्म में ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो पढ़-लिखकर अपने परिवार के काम आना चाहता है।



स्टैनली का डब्बा

2011 में आई अमोल गुप्ते द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी आपका मनोरंजन करने के साथ आपकी आंखें भी नम करेगी। यह फिल्म एक ऐसे लड़के की कहानी है, जो हमेशा अपने दोस्त का टिफिन खाता है, लेकिन कभी भी अपने लिए लंच नहीं लाता। आपका बच्चा तो इस फिल्म से खुद को जोड़ ही पाएगा, साथ ही आपको भी अपने पुराने दिनों की याद आ जाएगी।



चिल्लर पार्टी

बच्चों पर आधारित यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। नितेश तिवारी और विकास बहल ने मिलकर इसका निर्देशन किया। फिल्म में अनाथ बच्चों के एक ग्रुप को दिखाया गया है, जो अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हैं। इस फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। अगर आपको यह साबित करना है कि बच्चे किसी से कम नहीं होते तो आपको अपने बच्चे को यह फिल्म जरूर दिखानी चाहिए।

फ्रोजेन

वर्ष 2013 में आई यह एक कार्टून मूवी है। यह फिल्म एल्सा और ऐना, दो बहनों पर आधारित है। वर्ष 2019 में आया इस फिल्म का दूसरा पार्ट 'फ्रोजेन 2' भी काफी दिलचस्प है। फिल्म में एल्सा की आवाज प्रियंका चोपड़ा ने दी है और ऐना की आवाज परिणीति चोपड़ा ने दी है।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

कड़े मुकाबले में जेसिका ने लिंडा को हराया, टूर्नामेंट से बाहर गॉफ



एजेंसी ▶▶ इंडियन वेल्स

जेसिका पेगुला ने अपनी दमदार सर्विस का शानदार नमूना पेश करते हुए तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल करके डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला मीरा एंड्रीवा से होगा। पेगुला ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 16 ऐस लगाए और एक मैच प्वाइंट बचाते हुए अंतिम तीन गेम जीतकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के राउंड-रॉबिन ग्रुप में लिंडा नोस्कोवा को 7-6 (2), 4-6, 7-5 से हराया। पेगुला की जीत ने उनकी पूर्व युगल जोड़ीदार कोको गॉफ को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इससे पहले गॉफ ने वापसी करते हुए अंतिम छह गेम जीतकर मार्ता कोस्त्युक को 6-4, 7-5 से हराया था, जो इस साल उनका आखिरी मैच साबित हुआ।

कोको को टूर्नामेंट से लेनी पड़ी विदाई



कोको गॉफ डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई हैं। अपने अंतिम ग्रुप मैच में मार्टा कोस्त्युक को हराने के बावजूद, हमवतन जेसिका पेगुला की जीत के कारण गॉफ को ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहकर टूर्नामेंट से विदाई लेनी पड़ी। थी-वे टाई (तीन खिलाड़ियों के बीच बराबरी)। ग्रुप-1 में कोको गॉफ, जेसिका पेगुला और लिंडा नोस्कोवा तीनों ने 2-1 के समान जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ समापन किया।

नेशंस लीग : क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड, हैरी केन ने किया 92वां गोल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हैरी केन ने अपने ऐतिहासिक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को जीत दिलाई। इंग्लैंड ने क्रोएशिया को 2-1 से हराकर यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। केन इंग्लैंड की पुरुष टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अपना 126वां मैच खेला और देश के लिए अपना 92वां गोल करके इस मौके का शानदार जश्न मनाया। उन्होंने 64वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल किया।



केन ने अपना 126वां मैच को बनाया यादगार

मॉर्गन रोजर्स ने पहले हाफ में इंग्लैंड को बढ़त दिलाई थी। हालांकि, एक घंटे का खेल पूरा होने से ठीक पहले पेटार सुसिक ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके पांच मिनट बाद केन ने पेनल्टी के जरिए गोल दागते हुए अपना 126वां मैच यादगार बना दिया। बाद में क्रोएशिया ने बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन निकोला व्लासिक का शॉट थोड़ा बाहर चला गया, और एंटे बुदिमिर के शॉट को जैरेल क्वानसा ने एक अहम ब्लॉक के जरिए रोक दिया। मैच से पहले हैरी केन आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने वेम्बली स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को अपनी बैलन डी'ओर ट्रॉफी दिखाई, जिसके बाद दर्शकों ने खड़े होकर इस ऐतिहासिक पल का सम्मान किया। 33 वर्षीय केन को पूर्व रिकॉर्डधारक पीटर शिल्टन और प्रिंस ऑफ वेल्स ने एक यादगार शर्ट भेंट की। इसके अलावा, क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ की ओर से लुका मोड्रिक (जो स्वयं पूर्व बैलन डी'ओर विजेता हैं) ने उन्हें एक विशेष उपहार दिया। वहीं दूसरी ओर, इजमिर में बेल्जियम ने तुर्की के खिलाफ 2-1 से शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

हेनरी ने झटके 6 विकेट, सीरीज में 2-1 से आगे भारत

न्यूजीलैंड की वनडे इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶ माउंट मोनगानुई

विल यंग के शानदार शतक के बाद मैट हेनरी ने स्टार खिलाड़ियों से सजी भारतीय बल्लेबाजी के परखच्चे उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिससे न्यूजीलैंड ने चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को 244 रन की रिकॉर्ड जीत हासिल करके श्रृंखला में शानदार वापसी की। भारत की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी पराजय है। इससे पहले श्रीलंका ने 2000 में शारजाह में उसे 245 रन से हराया था। न्यूजीलैंड की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने आयरलैंड को 2008 में एबेरडीन में 290 रन से हराया था। भारत ने पांच मैच की श्रृंखला के पहले दो मैच जीते थे और इस तरह से वह अब 2-1 से आगे है। श्रृंखला का तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा।

यंग ने खेली 125 रन की पारी

यंग ने दो जीवनदान का फायदा उठाकर 108 गेंद पर 125 रन की पारी खेली। उन्हें उनके सलामी जोड़ीदार टिम सीफर्ट (48 गेंद पर 58 रन) और फिन एलन (41) का अच्छा साथ मिला, जिससे न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 333 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम 26.4 ओवर में 89 रन पर ढेर हो गई। यह वनडे में आठवां अवसर है जबकि भारतीय टीम 100 से कम रन पर आउट हो गई। हेनरी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 रन देकर 6 विकेट लिए। मैथ्यू फिशर (31 रन देकर 3 विकेट) ने भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उनका अच्छा साथ दिया।



भारत ने खाता खोले बिना गंवाए तीन विकेट

नियमित कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के बिना खेल रहे भारतीय बल्लेबाजों के पास तेजी से उठती गेंदों का कोई जवाब नहीं था। भारत की शुरुआत भयावह रही, जिससे वह उबर नहीं पाया। हेनरी ने पहले ओवर में ही रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर के विकेट लेकर भारतीय खेमे में खलबली मचा दी। तब भारत ने खाता भी नहीं खोला था। यह वनडे में पहला अवसर है जबकि भारत ने खाता खोले बिना तीन विकेट गंवाए। वनडे क्रिकेट में कुल मिलाकर पांचवीं बार ऐसा हुआ है। रोहित का खराब प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने पारी की पहली गेंद पर पहली स्लिप में आसान कैच दिया। हेनरी ने इसके बाद चौथी गेंद पर कोहली को चकमा देकर बोल्ड किया और अगली गेंद पर अय्यर को एलबीडब्ल्यू आउट किया, जिसके लिए न्यूजीलैंड ने डीआरएस का सहारा लिया था।

यंग और सीफर्ट ने दी शानदार शुरुआत

इससे पहले बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर यंग और सीफर्ट ने 12 ओवरों में 85 रन जोड़कर न्यूजीलैंड को शानदार शुरुआत दी। इस साझेदारी में सीफर्ट ने अहम भूमिका निभाई और 41 गेंदों में अपना पहला वनडे अर्धशतक पूरा किया। भारतीय गेंदबाजों में अक्षर पटेल ने प्रभावित किया। उन्होंने शानदार लाइन पर गेंदबाजी करते हुए 10 ओवरों में सिर्फ 39 रन दिए तथा निक केली और फिन एलन के विकेट लिए। लेकिन अन्य दो स्पिनरों कुलदीप यादव (8 ओवर में 73 रन) और नमन धीर (4 ओवर में 29 रन देकर एक विकेट) ने जमकर रन लुटाए।

खबर संक्षेप



आईजीपीएल के चैंपियन बने गगनजीत भुल्लर

हैदराबाद। अनुभवी गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने एक बार फिर अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए शुक्रवार को फीनिक्स इनविटेशनल हैदराबाद में प्लेऑफ मुकाबले में युवा खिलाड़ी राघव चुग को हराकर अपना सातवां इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) खिताब जीत लिया। यह इस सत्र में भुल्लर की चौथी जीत और लगातार दूसरा प्लेऑफ खिताब है। इससे पहले उन्होंने पिछले सप्ताह वूटी गोल्फ काउंटी में भी प्लेऑफ मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया था। भुल्लर ने विमट्रा चेन्नई लायंस गोल्फ क्लब के 16वें और 17वें होल पर लगातार बर्डी लगाकर अपना स्कोर 14-अंडर तक पहुंचा दिया।

सिंगापुर क्लासिक स्क्वाश : क्वार्टर फाइनल में सूरज चंद



नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी सूरज चंद ने दूसरे दौर में बेंजामिन रैटक्लिफ को सीधे गेम में हराकर सिंगापुर क्लासिक के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने इस पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी को 11-6, 11-4, 11-4 से हराया। सूरज अगस्त में विश्व विश्वविद्यालय चैंपियन बने थे। सूरज का सामना अब मलेशिया के विश्व में 60वें नंबर के खिलाड़ी संजय जीवा से होगा, जिन्होंने दूसरे दौर में ओम सेमवाल को 11-9, 11-9, 11-8 से हराया था।

कुमामोतो मास्टर्स : सेमीफाइनल में लक्ष्य, बाहर हुए श्रीकांत

एजेंसी ▶▶ कुमामोतो

लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन किदांबी श्रीकांत एक बार फिर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और सीधे गेम में हारकर से बाहर हो गए। विश्व के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मैच में जापान के युशी तनाका को 21-16, 21-15 से पराजित किया। इस भारतीय खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग के शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई खिलाड़ी अल्वी फरहान से होगा।



श्रीकांत निरंतरता बनाए रखने में नाकाम

श्रीकांत एक बार फिर अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे। पहले गेम में उन्होंने अपने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा लेकिन दूसरे गेम में वह अच्छी बढ़त का फायदा नहीं उठा पाए और जापान के कोकी वातानाबे से 22-24, 15-21 से हार गए। भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार को कोडाई नाराओका को हराया था लेकिन वातानाबे के खिलाफ वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाए। श्रीकांत ने पहला गेम करीबी अंतर से गंवाने के बाद दूसरे गेम में 12-5 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद उन्होंने कई गलतियां की, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। वातानाबे ने अंतिम 19 में से 16 अंक जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

लालरेमसियामी बनीं मिजोरम की पहली अर्जुन पुरस्कार विजेता



आइजोल। भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी लालरेमसियामी प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाली मिजोरम की पहली खिलाड़ी बन गईं। छब्बीस वर्षीय लालरेमसियामी उन 17 खिलाड़ियों में शामिल थीं, जिन्हें खेल मंत्रालय ने 18 अगस्त को अर्जुन पुरस्कार 2025 के लिए चुना था। शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें औपचारिक रूप से यह सम्मान प्रदान किया। मिजोरम के उत्तरी हिस्से में असम की सीमा से सटे कोलासिब जिले की रहने वाली लालरेमसियामी ने कम उम्र में ही हॉकी खेलना शुरू कर दिया था। वर्ष 2011 में 11 साल की उम्र में उन्होंने थेनजॉल स्थित राज्य सरकार की हॉकी अकादमी में दाखिला लिया। इसके बाद 2016 में वह नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय हॉकी अकादमी में शामिल हो गईं। लालरेमसियामी ने अक्टूबर 2011 में जूनियर नेहरू हॉकी टूर्नामेंट से राष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया। बाद में 2016 में एशिया कप के लिए उनका चयन भारत की अंडर-18 टीम में हुआ।

डेब्यू में बियर्डमैन ने झटके 6 विकेट

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दी 7 विकेट से मात

एजेंसी ▶▶ पर्थ

युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन ने अपने वनडे पदार्पण मैच में 6 विकेट लेकर इतिहास रचा, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 7 विकेट से शिकस्त दी। बियर्डमैन ने 24 रन देकर 6 विकेट झटके और वनडे पदार्पण पर ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने वाले



गेंदबाज बन गए। उनकी शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान मिचेल मार्श की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 159 गेंद शेष रहते एकतरफा जीत दर्ज की।

इंग्लैंड की पूरी टीम 131 रन पर सिमटी

इक्कीस वर्षीय बियर्डमैन ने अपने आठवें गेंद पर पहला वनडे विकेट हासिल किया और इसके बाद इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाजों को एक के बाद एक पवेलियन भेजते रहे। उन्हें स्पेंसर जॉनसन (तीन विकेट) और जेवियर बार्टलेट (एक विकेट) का अच्छा साथ मिला, जिससे इंग्लैंड की पूरी टीम 34 ओवर से पहले ही महज 131 रन पर सिमट गई।

निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत को मिले 13 पदक


एजेंसी ▶▶ दोहा

भारत ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में कुल 13 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया, जिसमें दो स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। दो मिश्रित ट्रैप टीम का शुक्रवार को प्रदर्शन निराशाजनक रहा। विवान कपूर और मनीषा कीर की जोड़ी 134 के संयुक्त स्कोर के साथ 21वें स्थान पर रहीं जबकि जोरावर सिंह



संधू और नीरू धांडा की जोड़ी 132 अंकों के साथ 32वें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में कुल 48 टीम ने हिस्सा लिया था।

हरमनप्रीत कौर का वैक्स स्टेच्यू स्थापित, बोलीं- 'यह गर्व का पल'



जयपुर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जयपुर में अपने वैक्स स्टेच्यू (मोम के पुतले) का अनावरण किया और इसे अपने लिए गर्व का पल बताया। नाहरगढ़ के 'हिस्टोरिका म्यूजियम' की ओर से तैयार किए गए इस 'वैक्स स्टेच्यू' को अब आम लोगों के लिए प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर हरमनप्रीत ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का पल है। उन्होंने पहली बार अपने इस 'पुतले' को देखा और इसे बनाने वाले लोगों का आभार जताया। आयोजकों के अनुसार हरमनप्रीत की उपलब्धियों को सम्मान देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। गौरतलब है कि हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने नवंबर 2025 को महिला एक दिवसीय विश्व कप का खिताब जीता था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद जयपुर वैक्स म्यूजियम ने उनका मोम का पुतला बनाने की घोषणा की थी।

विश्व चैंपियनशिप टूर: अर्जुन ने बिबिसारा को दी मात

शुरुआती झटके से उबरे एरिगैसी, वापसी कर की बराबरी

एजेंसी ▶▶ बुडापेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट की फास्ट क्लासिकल प्रतियोगिता में कम रेटिंग वाली बिबिसारा असाउबायेवा से पहली बाजी में हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने दूसरी बाजी में कजाकिस्तान की इस खिलाड़ी को हराकर शानदार वापसी की।

प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली की भाई बहन की जोड़ी के लिए गुरुवार का दिन निराशाजनक रहा क्योंकि उन्हें अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञाननंदा, जहां फैबियानो कारुआना से हार गए, वहीं वैशाली को हैंस नीमन ने हराया।



कारुआना की आसान जीत

वैशाली एक ड्रॉ और तीन हार के साथ ग्रुप डी में सबसे निचले पायदान पर है। प्रज्ञाननंदा ग्रुप बी में कारुआना से अपने दोनों मैच हार गए। कारुआना ने सफेद मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञाननंदा के रक्षण में सेंध लगाने के लिए एक मोहरा कुर्बान किया और आसानी से जीत हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए भी जीत दर्ज की। प्रज्ञाननंदा के अब केवल दो अंक है और वह ग्रुप में सबसे अंतिम स्थान पर हैं जबकि दो जीत से कारुआना के 10 अंक हो गए हैं, जो ग्रुप में दूसरे स्थान पर काबिज लिएम ले से दो अंक अधिक हैं।

कार्लसन को जीत का इंतजार

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को फास्ट क्लासिकल में पहली जीत का इंतजार है क्योंकि ग्रुप सी में किशोर वैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा ने उन्हें दोनों मैच में ड्रॉ पर रोक दिया। कार्लसन ने अब तक अपने सभी चार फास्ट क्लासिकल मैच ड्रॉ किए हैं और उनके चार अंक हैं, जबकि मिश्रा के तीन अंक हैं।

नई दिल्ली पड़ोसी देश संग सकारात्मक, रचनात्मक संबंधों को बनाने के पक्ष में है

भारत-बांग्लादेश की सहमति से तय तारीख पर होगा अगला काउंसलर संवाद: जायसवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय की शुक्रवार को नई दिल्ली में हुई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में बांग्लादेश को लेकर पत्रकारों ने कई सवाल पूछे। जिनका संबंध मुख्य रूप से भारत के इस निकट पड़ोसी देश के साथ भविष्य में स्थापित होने वाले संबंधों और पूर्व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की बांग्लादेश वापसी से था। जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत, बांग्लादेश के साथ सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्योन्मुखी संबंधों को बनाए रखना चाहता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि व्यापार, रेलवे, जल संसाधन और सीमा प्रबंधन के अलावा अन्य मामलों पर कई बैठकें हुई हैं। लेकिन इन सबके बीच भारत, बांग्लादेश के साथ सभी मौजूदा तंत्रों के माध्यम से द्विपक्षीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए तैयार है। जिसमें वार्ता का तकनीकी स्तर भी शामिल है

◀ शेख हसीना का प्रत्यर्पण एक कानूनी मामला है। इसलिए नई दिल्ली इससे कानूनी रूप से ही निपटेगी



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

पाक से करें काउंसलर सहायता का अनुरोध

उन्होंने कराची में पिछले कई महीनों से व्यापारिक जहाज में फंसे हुए भारतीयों को लेकर बताया कि यह मुद्दा जहाज के मालिक और उस पर काम कर रहे लोगों के बीच का है। जब तक इन लोगों का रिप्लेसमेंट क्रू नहीं आ जाता। तब तक ये अचानक जहाज को छोड़ नहीं सकते हैं। लेकिन विदेश मंत्रालय इन सभी स्वदेशी नागरिकों और उन्हें नौकरी पर रखने वाले नियोक्ता के साथ संपर्क में बना हुआ है। हम भी इस मसले का समाधान चाहते हैं।

संबंधों को लेकर उठाए कई कदम

उन्होंने कहा कि संबंधों को उक्त संदर्भ में आगे बढ़ाने के लिए अब तक कई कदम उठाए गए हैं। व्यापार, रेलवे, जल संसाधन और सीमा प्रबंधन के अलावा अन्य मामलों पर कई बैठकें हुई हैं। लेकिन इन सबके बीच भारत, बांग्लादेश के साथ सभी मौजूदा तंत्रों के माध्यम से द्विपक्षीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए तैयार है। जिसमें वार्ता का तकनीकी स्तर भी शामिल है। इसके अलावा शेख हसीना का प्रत्यर्पण एक कानूनी मामला है। इसलिए नई दिल्ली इससे कानूनी रूप से ही निपटेगी।

एससीओ बैठक के लिए सभी को बुलाया

एससीओ के नई दिल्ली में होने वाले सिविलाइजेशनल डायलॉग में पाकिस्तान को आमंत्रित करने के मामले पर उन्होंने कहा कि इस आयोजन को लेकर हमने संगठन के सभी सदस्य देशों को आमंत्रित किया है। भारत इसकी मेजबानी करने के लिए तैयार है। एफएटीएफ की पेरिस में हुई बैठक को लेकर रणधीर ने कहा कि भारत की संगठन के पूर्ण सत्र में भागीदारी थी। एफएटीएफ आतंकवाद को खासतौर पर वित्तीय रूप से बढ़ावा देने की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी गतिविधियों पर नकेल कसने का काम करता है।

ईरान में फंसे केरल के नाविक से साधा संपर्क

ब्रीफिंग में रणधीर ने कुछ अन्य प्रश्नों के भी जवाब दिए। जिनमें युद्ध के बीच ईरान में फंसे भारत के केरल राज्य के एक नाविक अक्षय हरीश के मामले पर जायसवाल ने कहा, हमारा देश नाविकों की सुरक्षा तथा कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस विषय पर तेहरान में भारतीय मिशन और बंदर अब्बास में देश का काउंसलेट ने हरीश तक पहुंच बनाई है। नाविक ने करीब तीन-चार दिन पहले काउंसलेट से संपर्क किया था। तब पता चला कि उनका व्यापारिक जहाज एलाइ मरीन 2025 में जापान गया था। इसके बाद जैसे ही वह ईरान के चाबहार बंदरगाह पहुंचा। तब कैप्टन ने बताया कि हरीश का पासपोर्ट और सीडीसी दस्तावेज खो गए हैं। फिर उन्हें जहाज से उतार दिया गया।

खबर संक्षेप

मणिपुरः 2 महिलाओं समेत 4 की हत्या

इंफाल। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने दो गाड़ियों पर गोलीबारी की। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना इंफाल-उखरुल सड़क पर न्यू हेवन इलाके में हुई। यहां हथियारबंद उग्रवादियों ने दो चारपहिया वाहनों पर गोलियां चलाईं। दोनों कारों में सफर कर रहे दो पुरुषों और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों गाड़ियों के सामने वाले शीशों पर गोलियों के निशान मिले। एक दिन पहले कांगपोकपी जिले के ताफू कुकी गांव के पास दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई थी।



जाकिर के फाउंडेशन पर बैन 5 साल और बढ़ा

नई दिल्ली। भारत सरकार ने जाकिर नाइक के नेतृत्व वाली 'इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन' (आईआरएफ) पर लगे प्रतिबंध को और पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। इसे एक 'गैर-कानूनी संगठन' माना गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को इसके संबंध में अधिसूचना जारी की। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार का यह मानना है कि इसकी गतिविधियों को देखते हुए आईआरएफ को तत्काल प्रभाव से एक 'गैर-कानूनी संगठन' घोषित करना जरूरी है।



पीओके में यात्री वाहन नदी में गिरा, 11 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में एक यात्री वाहन के नदी में गिरने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा गुरुवार शाम उस समय हुआ, जब वाहन गिलगित से गिजर जिले की यासीन घाटी जा रहा था। मोरकाह पुल के पास चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा, जिसके कारण वाहन यासीन नदी में जा गिरा। बचाव दल ने दो महिलाओं सहित 10 यात्रियों के शव बरामद किए और एक बच्चे सहित तीन घायल यात्रियों को बचाया।



किश्तवाड़ में 2 एसपीओ की हत्या का मामला

3 आतंकियों के पोस्टर जारी कुल 30 लाख रुपए का इनाम

पहचान गोपनीय रखने का भरोसा | हिजबुल कमांडर सरूरी पर शक

हेलिकॉप्टर ड्रोन से तलाश जारी



मोहम्मद अमीन | रियाज अहमद | मुदस्सिर हुसैन

एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) की हत्या के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। किश्तवाड़ पुलिस ने शुक्रवार को तीन आतंकियों के पोस्टर जारी किए हैं।

इनमें मोहम्मद अमीन उर्फ जहांगीर सरूरी, रियाज अहमद उर्फ हजारी और मुदस्सिर हुसैन शामिल हैं। पुलिस ने तीनों की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने वाले को कुल 30 लाख रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस के मुताबिक, तीनों आतंकियों पर एसपीओ की हत्या में शामिल होने का आरोप है। आम लोगों से उनकी गतिविधियों और ठिकानों के बारे में जानकारी देने की अपील की गई है।

खुलासा: आतंकियों ने दागी थीं आर्मर-पियर्सिंग गोलियां

इस मामले में जांच के दौरान मिले सबूतों से यह खुलासा हुआ है कि आतंकवादियों ने इस वारदात को अंजाम देने के लिए बेहद घातक आर्मर-पियर्सिंग गोलियों का इस्तेमाल किया था। ये गोलियां इतनी शक्तिशाली थीं कि उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सीआरपीएफ जवानों के बॉडी आर्मर (बुलेटप्रूफ जैकेट) को भी भेद दिया। इसी वजह से सुरक्षा कवच पहने होने के बावजूद जवानों को गंभीर चोटें आईं। शुरुआती फॉरेंसिक और बैलिस्टिक जांच में इस बात की भी पुष्टि हुई है कि हमलावरों ने इस हमले में एके-47 राइफलों का उपयोग किया था।

आतंकियों की तलाश जारी

आतंकियों की तलाश में दच्छन के दुर्गम और घने जंगलों में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। कियार से धरना-मरवाह तक के रास्ते की घेराबंदी कर अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं। सुरक्षा बल तलाशी अभियान में हेलिकॉप्टर, ड्रोन कैमरों और खोजी कुत्तों की मदद ले रहे हैं। हमलावरों की संभावित आवाजाही और छिपने के ठिकानों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

क्या 'हनी ट्रैप' का शिकार हुए जेनसन हुआंग? या पर्दे के पीछे कुछ और कहानी

एनवीडिया को खरीदेंगे एलन मस्क! हुआंग को दिया अपनी कंपनी में नौकरी का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के सबसे प्रभावशाली प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गजों में शुमार एनवीडिया के संस्थापक और पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेनसन हुआंग को विवाहेतर संबंधों से जुड़े विवाद के बाद अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है। इस पूरे घटनाक्रम ने जासूसी की एक सदियों पुरानी रणनीति 'हनी ट्रैप' यानी प्रेमजाल के जरिये किसी को फंसाकर उससे गोपनीय सूचनाएं हासिल करने के हथकंडे की ओर भी दुनिया का ध्यान खींचा है।

मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, हुआंग के सिंगापुर में रहने वाली कारोबारी अधिकारी एलिस हुआंग और दूसरी महिला किम्बर्ली पॉवेल जो एनवीडिया की हेल्थकेयर विभाग की उपाध्यक्ष हैं और सीधे हुआंग के अधीन काम करती थीं के साथ विवाहेतर संबंध थे। एलिस पर चीन की खुफिया एजेंसियों से कथित संबंध होने का संदेह जताया गया है।

अब उनके इस्तीफे के एक दिन बाद एक नई जांच में खुलासा हुआ है कि हुआंग के एनवीडिया की एक और कर्मचारी के साथ करीबी संबंध थे। इसके साथ ही 63 साल के हुआंग के ऐसे कथित संबंधों की संख्या कम से कम तीन हो गई है। हालांकि, ये सभी खबरें मीडिया की रिपोर्ट पर आधारित हैं। हुआंग ने अभी तक किसी भी महिला के नाम की पुष्टि नहीं की है।

एनवीडिया के बड़े निवेशक लियो कोगुआन ने बिना किसी सबूत के इस पूरे घटनाक्रम को हुआंग और कंपनी के खिलाफ एक 'बड़ी साजिश' करार दिया है। लियो कोगुआन एक इंडोनेशियाई मूल के चीनी-अमेरिकी अरबपति निवेशक और व्यवसायी हैं, जो वर्तमान में सिंगापुर में रहते हैं। उन्होंने एनवीडिया में लगभग 1.3 अरब डॉलर का निवेश किया है

एनवीडिया एक देश होता तो अर्थव्यवस्था में चौथे स्थान पर होता

चीन ने जासूसी के आरोपों को बेबुनियाद बताया



एलन मस्क और जेनसन हुआंग फाइल फोटो

5 ट्रिलियन की कंपनी है एनवीडिया

वर्तमान में एनवीडिया का मार्केट कैपिटलाइजेशन करीब 5 ट्रिलियन डॉलर (करीब 450 लाख करोड़ रुपए से अधिक) है। यह दुनिया की सबसे मूल्यवान टेक कंपनियों में से एक है। यह कंपनी एआई और चिप निर्माण की बढ़ती मांग के कारण 4 ट्रिलियन और फिर 5 ट्रिलियन का आंकड़ा पार करने वाली इतिहास की पहली कंपनी बनी है। हुआंग के पास कंपनी की 3.58 प्रतिशत हिस्सेदारी है वह इसके चौथे सबसे बड़े शेयरधारक हैं।

कई देशों की जीडीपी से अधिक

एनवीडिया को अलग-अलग छोटे या मध्यम आकार के देशों की जीडीपी से जोड़ा जाए, तो इसका मूल्यांकन दुनिया के 190 से अधिक देशों की कुल अर्थव्यवस्थाओं से भी अधिक बैठता है। अगर एनवीडिया एक देश होता, तो दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के बराबर होता।

मस्क और हुआंग के बीच गहरे संबंध

'एक्स' पर एक यूजर ने मस्क से आग्रह किया कि वे जेनसन को नौकरी पर रख लें। इस पर एलन मस्क ने जवाब दिया था कि यह मेरे लिए सम्मान की बात होगी। मस्क और हुआंग के बीच लंबे समय से गहरे व्यावसायिक संबंध रहे हैं। मस्क की कंपनियों- टेस्ला, स्पेसएक्स और एक्सएआई के लिए एनवीडिया मुख्य रूप से एआई चिप्स की आपूर्ति करती रही है।

पूरा घटनाक्रम हुआंग के खिलाफ 'बड़ी साजिश'



एनवीडिया के बड़े निवेशक लियो कोगुआन ने बिना किसी सबूत के इस पूरे घटनाक्रम को हुआंग और कंपनी के खिलाफ एक 'बड़ी साजिश' करार दिया है। लियो कोगुआन एक इंडोनेशियाई मूल के चीनी-अमेरिकी अरबपति निवेशक और व्यवसायी हैं, जो वर्तमान में सिंगापुर में रहते हैं। उन्होंने एनवीडिया में लगभग 1.3 अरब डॉलर का निवेश किया है। वहीं, चीनी विदेश मंत्रालय ने इस हफ्ते की शुरुआत में जासूसी के आरोपों को 'बेबुनियाद' बताया और कहा कि ये बीजिंग के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान का हिस्सा हैं। जिस मेगास्पीड कंपनी में एलिस हुआंग थी उस कंपनी ने भी जासूसी के आरोपों का खंडन किया है।

मार्केट कैप 1 नवंबर को	
देश (जीडीपी ट्रिलियन डॉलर में)	जीडीपी
अमेरिका	30.8
चीन	19.5
जर्मनी	05.1
एनवीडिया	05.0
जापान	04.4
यूके	04.0
भारत	04.0
फ्रांस	03.4
रूस	02.6
इटली	02.6
कनाडा	02.3

एआई क्षेत्र में धीमी होगी गति

'फॉरेस्टर' की समूह अनुसंधान निदेशक स्टेफनी बेलौरस ने कहा कि एनवीडिया का नया नेतृत्व अगर कंपनी के शेयर, वित्तीय साझेदारियों या उसके कारोबारी पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी प्रतिबद्धताओं पर लगातार दबाव बना रहता है, इससे एआई क्षेत्र में आए उछाल के काफी कमजोर स्थिति में होने के संकेत मिलेंगे।

जापान में संपन्न हुआ मालाबार युद्धाभ्यास



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी युद्धों की वजह से चिंताजनक बने हुए हालातों के बीच भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं के मध्य चल रहा मालाबार युद्धाभ्यास-2026 सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इस वर्ष इसका आयोजन जापान के योकोसुका नौसैन्य अड्डे पर किया गया था। जिसमें भारत की तरफ से नौसेना का निर्देशित स्टेल्थ मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस सह्याद्रि शामिल हुआ। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि बीते 12 नवंबर को यह युद्धाभ्यास समाप्त हो गया था और उसी के साथ युद्धपोत की स्वानगी की यात्रा भी शुरू हो गई है।

भारत-इटली अनुसंधान में बढ़ाएंगे साझेदारी

एआई, स्वच्छ ऊर्जा और जैव चिकित्सा क्षेत्र पर रहेगा ध्यान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इटली ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और संयुक्त अनुसंधान एवं नवाचार पहलों को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है।

इसके तहत 2027 में संयुक्त अनुसंधान के लिए नई प्रस्ताव आमंत्रण प्रक्रिया शुरू करने की योजना है। सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग, स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत जैव प्रौद्योगिकी और जैव चिकित्सा अनुसंधान शामिल होंगे। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने इटली की विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान मंत्री अन्ना मारिया बर्निनी के साथ द्विपक्षीय बैठक की।



जितेंद्र सिंह और अन्ना बर्निनी

भारत-इंडोनेशिया के बीच जेडब्ल्यूजी की बैठक

आतंकवाद से निपटने द्विपक्षीय सहयोग को देंगे और मजबूती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इंडोनेशिया के बीच आतंकवाद से निपटने के लिए गठित संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की सातवीं बैठक यहां आयोजित की गई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (काउंटर टेररिज्म) डॉ. सुहेल अजाज खान और इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक एजेंसी (बीएनपीटी) के अंतरराष्ट्रीय सहयोग उपप्रमुख डियोनिसियस एल्वान स्वासोनो ने की। दोनों देशों के संबंधित विभागों और एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदार के रूप में आतंकवाद की रोकथाम और उससे मुकाबले में द्विपक्षीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया।



डॉ. खान और डियोनिसियस स्वासोनो

भारत पहुंची ईयू रक्षा समिति की अध्यक्ष

भारत व यूरोपीय संघ के बीच सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा



मैरी जिम्मरमैन और राजेश सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच रक्षा एवं सुरक्षा साझेदारी को और मजबूत करने तथा रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने दिल्ली में यूरोपीय संसद की रक्षा एवं सुरक्षा समिति की अध्यक्ष मैरी एग्नेस स्ट्रैक जिम्मरमैन से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, यह मुलाकात 12 नवंबर को रक्षा मंत्रालय में हुई। बातचीत में भारत और यूरोपीय संघ के बीच विकसित हो रही रक्षा एवं सुरक्षा साझेदारी पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही रक्षा-औद्योगिक सहयोग की उन संभावनाओं पर चर्चा हुई, जिनका अभी पूरी तरह उपयोग नहीं हो पाया है।

आईएनएस चिल्का में आयोजित किया गया भव्य पासिंग आउट परेड समारोह

4 साल की नौकरी के बाद बाहर निकला नौसैनिकों के रूप में अग्निवीरों का पहला बैच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के आईएनएस चिल्का अड्डे पर शुक्रवार को एक भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। जिसमें अग्निपथ योजना के तहत वर्ष 2022 में भर्ती किए गए 2 हजार 756 अग्निवीरों (142 महिलाएं, तटरक्षकबल के 316 नाविक शामिल) के पहले बैच ने अपना चार साल का सेवाकाल पूरा कर बाहर की ओर रुख किया है। आगामी समय में इनमें से चुने जाने वाले 25% अग्निवीरों को सीधे नौसेना में स्थायी नौकरी मिलेगी। जबकि शेष बचे हुए 75% को दो साल के सेवा विस्तार के साथ एक बार फिर से देश की समुद्री सेना में काम करने का मौका मिलेगा। 24 महीने की इस समय अवधि की समाप्ति के बाद इन सभी को भी बल में स्थायी रूप से नियुक्त कर लिया जाएगा। परेड समारोह की अध्यक्षता करते हुए नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने परेड की समीक्षा की। मालूम हो कि चिल्का अड्डे पर हुआ ये समारोह अग्निवीरों (प्रशिक्षु) के प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रतीक है। जिसमें शामिल हुए कुल प्रशिक्षुओं की संख्या 3 हजार 3 58 थी। इनमें से अग्निवीरों के अलावा 286 मेडिकल सहायक शामिल हैं।

2 हजार 756 अग्निवीरों में से 25% को मिलेगी स्थायी नौकरी, बाकी 75% को दो साल का सेवा विस्तार



नौसेना में अग्निवीरों के कुल 9 बैच हैं

अग्निपथ की घोषणा के बाद नौसेना ने सबसे पहले सितंबर 2022 में अग्निवीरों के अपने पहले बैच का गठन किया था। जिसके हिसाब से यह बाकी दोनों सेनाओं से सबसे पहले अपना सेवाकाल पूरा कर बाहर आ गया है। जबकि वायुसेना और सेना के अग्निवीरों का पहला बैच इसी साल दिसंबर महीने से अगले साल की शुरुआत में जनवरी तक बाहर निकलेगा।

ट्रॉफी, पदक से किया गया सम्मानित

परेड समारोह के दौरान एडमिरल स्वामीनाथन ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को बधाई दी और उन्हें ट्रॉफी, पदक देकर सम्मानित भी किया। एसएसआर व एमआर श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षुओं के लिए नौसेनाप्रमुख रोलिंग ट्रॉफी एवं स्वर्ण पदक क्रमशः नचिकेता सनासम, एसएसआर (मेडिकल सहायक), अरबाज अमीन एवीआर (एमआर) को प्रदान किया गया।

अनुशासन और सत्यनिष्ठा बनाए रखें

प्रमुख एडमिरल स्वामीनाथन ने युवा अग्निवीरों से आह्वान किया कि वह अनुशासन, सत्यनिष्ठा और पेशेवर दक्षता के उच्च मानकों को बनाए रखें। साथ ही नौसेना की बदलती हुई जरूरतों के मुताबिक खुद को ढालने और गर्व, समर्पण और देश के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415